राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 11 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 12-18 फरवरी 2024

Website : faridabadkiawaz.com

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8





## पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी सहित अन्य बीजेपी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज देशभर में श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इसी क्रम में पीएम नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धंजलि देते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और विरासत की दम पर देश को आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी के अलावा अन्य भाजपा नेताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट किया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर के अपने परिवारजनों की ओर से शत-शत नमन। उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया, जो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्त्रोत बना है। इस अवसर पर अन्य भाजपा नेताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट कर उनको याद किया साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनके मूल्य हमेशा पार्टी के लिए मार्गदर्शक रहेंगे।

इधर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उपाध्याय का जीवन राष्ट्र सेवा और उसके प्रति समर्पण का एक विशाल प्रतीक है। शाह ने ककि कि उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूलभूत मूल्यों की उपेक्षा करके प्रगति नहीं कर सकता। पीएम ने कहा कि उन्होंने जो मार्ग दिखाया वो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्त्रोत बना है। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी रहे उपाध्याय भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से थे। भारतीय जनसंघ से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठन हुआ। मोदी दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानवतावाद' के विचारों को अपने शासन के मॉडल के लिए प्रेरणास्त्रोत मानते हैं।

इस अवसर पर भाजपा के अन्य नेताओं ने भी उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी।

## मोदी सरकार की तारीफ करने से नहीं थक रहे कांग्रेस नेता पी चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम इन दिनों केंद्र की मोदी सरकार की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। जहां भी जाते हैं कुछ न कुछ सराहना जरुर करते हैं। हालांकि आखरी में संतुलन के लिए कुछ खामियां भी बता देते हैं। हाल ही में कोलकाता में आयोजित लिटरेचर फेस्टिव में शामिल हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि इस सरकार को अगर कुछ लागू करना होता है तो बहुत अच्छे से करती है। मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह कहने में मुझे कोई दिक्कत नहीं। आपको बता दें कि चिदंबरम एक लिटरेचर फेस्टिव में शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंचे थे, जहां उन्होंने ये बातें कही हैं। हालांकि, उन्होंने बाकी तमाम मुद्दों पर विरोध जताया है। चिदंबरम ने शनिवार को दावा किया कि पूरे देश पर डर हावी है और ये हालात लोकतंत्र के ठीक उलट हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय में उन्हें देश में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं मिला जो भय से मुक्त हो। उन्होंने कहा, '' पिछले 18 माह में मैं जहां भी गया, जिससे भी मैंने बात की मैंने पाया कि उनकी सोच पर भय हावी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उनसे किसी कारोबारी, वकील, चिकित्सक या लघु उद्योग से जुड़े किसी व्यक्ति ने यह नहीं कहा कि वह जो चाहें बोल सकते हैं और कोई भी फिल्म बना सकते हैं। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, ''भारत में डर हावी है और यह लोकतंत्र के विपरीत है। जहां विचार भय रहित है, वहीं लोकतंत्र है।''



## सम्पादकीय

### भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर पहुंचा



दिनेश शर्मा

भारत आज अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल किया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, अब दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में भारत का बोलबाला था। इस खंडकाल में विश्व के कुल विदेशी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से भी अधिक की रही है क्योंकि उस समय पर भारत में सनातन संस्कृति का पालन करते हुए व्यापार किया जाता था। भारत में कर्म एवं अर्थ के कार्यों को धर्म का पालन करते हुए करने की प्रथा का पुरातन शास्त्रों में वर्णन मिलता है। भारत में चूंकि आज एक बार पुनः सनातन संस्कृति का पालन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सम्पन्न हो रहे हैं अतः पूरे विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है अतः न केवल विदेशी वित्तीय संस्थान बल्कि विदेशी नागरिक भी भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में अपने निवेश को लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। भारत में नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया था और आज यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चौथे स्थान पर भारत का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पांचवे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय पश्चात ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण जापान शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

## एनडीए के समर्थन पर बोले मांझी- मैं गरीब हूं पर बेईमान नहीं हूं



**पटना (एजेंसी)।** कल यानी सोमवार को बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार की अग्नि परीक्षा है। विधानसभा में फ्लोर टेस्ट होने से पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और एनडीए के सहयोगी जीतनराम मांझी को लेकर शंकाए व्यक्त की जा रहीं हैं। वजह ये है कि मांझी से मिलने भकपा माले के विधायक महबूब आलम मिलने पहुंचे थे। दोनों की तकरीबन आधे घंटे बातचीत की थी। इसके बाद बिहार की राजनीति में हलचल पैदा हो गई कि मांझी फ्लोर टेस्ट में एनडीए सरकार को गच्चा दे सकते हैं। शंका इसलिए भी बढ़ी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी एनडीए सरकार में एक मंत्री पद दिए जाने को लेकर कई बार मंचों पर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। इन्ही सवालों के बीच मांझी ने दावा करते हुए कहा कि एनडीए को समर्थन कर रहा हूं, गरीब हूं पर बेईमान नहीं हूं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि हमने 10 फरवरी को ही व्हिप जारी किया है और सभी चार विधायकों एनडीए गठबंधन को वोट देंगे और विधानसभा सदन में हाजिर रहेंगे। सरकार के पक्ष में अपने बात रखेंगे, बोलेंगे भी और मतदान की स्थिति में एनडीए के समर्थन में मतदान भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ये बिल्कुल साफ है। मुझे राजनीति में 43-44 साल हो गए बहुत लोग आते हैं, मिलते हैं, मैं उनसे मना तो नहीं करता। उन लोगों से मुलाकात मात्र से अगर कोई भ्रामक बातें करते है तो वो जीतनराम मांझी को नहीं समझा है। हम बहुत पहले से बोल चुके हैं कि हम गरीब हो सकते हैं, लेकिन बेईमान नहीं हो सकते। मैं जहां हूं, वहीं रहूंगा और अंतिम वक्त तक वहीं रहूंगा।

भकपा माले के विधायक महबूब आलम मुलाकात पर बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि उन्हें मिलने दीजिए, इससे क्या फर्क पड़ता है। हम सोच रहे हैं कि अगर वो भी एनडीए सरकार में शामिल हो जाएं तो अच्छा होगा, बेकार में वो जंगल राज में फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि देखिए हमारे पास बहुमत है और अगर कोई विधायक आना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई एनडीए सरकार के गठन के बाद प्रदेश की पूरी राजनीति बदल गई है। अब एनडीए सरकार को 12 फरवरी को बहुमत साबित करते हुए फ्लोर टेस्ट पास करना होगा। फ्लोर टेस्ट से पहले राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है और सभी दलों में पार्टी व्हिप जारी कर सभी विधायकों की बाड़ेबंदी शुरू कर दी है। इसी बीच बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने कहा कि मैं जहां हूं। वहीं रहूंगा। हम गरीब हो सकते हैं, लेकिन बेईमान नहीं हो सकते।

## उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर लगाया आरोप, कहा- लोकसभा चुनाव में वोट पाने के लिए कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार से वोट हासिल करने के लिए नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना के यहां एकत्रित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जन संघ ने सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। उन्होंने कहा, ''लेकिन अब भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार से वोट हासिल करना चाहती है, इसलिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद मान्यता दी जा रही है।'' ठाकरे ने आगे कहा कि भाजपा ने डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन के नाम को भारत रत्न के लिए नामित किया है लेकिन उनकी अध्यक्षता में गठित आयोग द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए की गई सिफारिशों को लागू करने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस खोखलेपन को देख रही है। केंद्र सरकार ने इस साल पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक और भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ. एम.एस.स्वामीनाथन, समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लाल कृष्ण अडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है।

## कांग्रेस की समराला रैली में नवजोत सिद्धू को नहीं बुलाया

लुधियाना। कांग्रेस ने नवजोत सिद्धू को पंजाब में होने वाली समराला रैली के लिए आमंत्रित नहीं किया है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस की ओर से समराला में 11 फरवरी को आयोजित रैली के लिए पार्टी के स्टार नेता नवजोत सिंह सिद्धू को अभी तक कोई न्योता नहीं मिला है। सिद्धू के करीबियों का कहना है कि बिना न्योता सिद्ध रैली में कभी नहीं जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर पार्टी की ओर से उन्हें नहीं बुलाया जाता है तो सिद्धू लाबी कुछ बड़ा धमाका कर सकती है। सिद्धू की गैरमौजूदगी का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि समराला से लुधियाना तक लगाए गए बैनर और होर्डिंग्स से नवजोत सिद्धू गायब हैं। दरअसल शनिवार को जब पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग से नवजोत सिंह सिद्धू के समराला रैली में आने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। उधर, यह भी चर्चा चल रही है कि सिद्धू के एक करीबी सांसद कांग्रेस का दामन छोड़ तरनतारन में आयोजित होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली में आप का दामन भी थाम सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी विस्फोट, सीएएफ का एक जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए एक आईईडी में रविवार को विस्फोट हो जाने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, जिले में डुमरीपालनर और तिमेनार गांवों के बीच स्थित विस्फोट स्थल से पांच किलोग्राम वजन वाले तीन 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि यह विस्फोट सुबह करीब नौ बजे हुआ, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम इलाके में गश्त पर निकली थी। उन्होंने बताया कि सीएएफ का एक जवान आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''विस्फोट में, जवान के पैर में चोट लगी और उसे नेलसनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे दंतेवाड़ा जिला अस्पताल भेज दिया गया।'' उन्होंने कहा कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से रायपुर ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने घटनास्थल से पांच किलोग्राम वजन वाली तीन आईईडी भी बरामद की और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। इलाके में खोजबीन अभियान चलाया जा रहा है।

## गृहमंत्री अमित शाह ने मैसुरु में मां चामुंडेश्वरी मंदिर में किए दर्शन पूजन



**मैसुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां चामुंडी हिल्स पहुंचे और मैसूरु की अधिष्ठात्री देवी चामुंडेश्वरी के दर्शन और पूजन किये। शाह के साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र भी थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शाह ने पुजारियों द्वारा संस्कृत श्लोकों के उच्चारण के बीच चामुंडेश्वरी की पूजा करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की, जिन्हें नाद देवता (राज्य देवता) भी माना जाता है। शाह ने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर की प्रदक्षिणा की।

चामुंडी या दुर्गा के नाम से जानी जाने वाली देवी शक्ति का उग्र रूप है और उन्होंने राक्षसों चंड और मुंड और भैंस के सिर वाले राक्षस महिषासुर का वध किया था। गृहमंत्री शाह के दौरे के लिए मंदिर के आसपास और शहर से मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि 1,000 साल से अधिक पुराना यह मंदिर शुरू में एक छोटा मंदिर था और सदियां गुजरने के साथ ही इसका महत्व बढ़ गया और यह एक प्रमुख पूजा स्थल बन गया। उन्होंने कहा कि 1399 ईस्वी में मैसूरु महाराजाओं, वोडेयार के सत्ता में आने के बाद इसका महत्व बढ़ गया क्योंकि वे चामुंडेश्वरी के बड़े भक्त और उपासक थे।

## केजरीवाल ने दिल्ली की सातों सीटों पर किया जीत का दावा

### -लोगों ने कहा, क्या कांग्रेस संग नहीं होगा गठबंधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तरन तारन। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की 7 सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगी या नहीं, इस पर संशय बरकरार है। आधिकारिक ऐलान नहीं होने के कारण महज कयास ही लगाए जा रहे हैं। ऐसे में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के तरनतारन में रैली के दौरान ऐलान किया कि दिल्ली के लोगों ने इस बार ठान लिया है कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें इस बार आम आदमी पार्टी को ही देंगे। इस बात के ये मायने निकाले जा रहे हैं कि दिल्ली में आप कांग्रेस से गठबंधन करने के मूड में नहीं है।

यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को डर है कि केंद्र में आप की सरकार बन जाएगी। आज की स्थिति में भाजपा सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी से ही डरती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आम आदमी पार्टी तेजी से बढ़ी है। वैसे तो आप महज 10 साल का छोटा सा बच्चा है। इस छोटे बच्चे ने इतनी बड़ी पार्टी की नाक में दम कर रखा है। उन्होंने कहा कि आप उन्हें सोने नहीं देती। उन्हें नींद नहीं आ रही है। हम लोग उनके सपने में रात को भूत बनकर आते हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पंजाब में हमें काम करने से रोका जा रहा है, और वहां दिल्ली में ये लोग हमें रोक रहे हैं।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि आप जैसी एक छोटी सी पार्टी ने 10 साल के अंदर पंजाब और दिल्ली में सरकार बना ली है। वहीं दूसरी तरफ गुजरात और गोवा में विधायक बने हैं। जहां भी पार्टी उम्मीदवार चुनाव लड़ते हैं, वहां खूब सारे वोट उनके खाते में आते हैं। ऐसे में भाजपा को डर है कि यह पार्टी इसी तरह आगे बढ़ती रही तो एक दिन केंद्र में आम आदमी पार्टी की ही सरकार बन जाएगी। यहां केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की 30 साल से गुजरात में और 15 साल से मध्य प्रदेश में सरकार है, लेकिन एक भी स्कूल ठीक नहीं कर पाए हैं और ना ही बिजली व्यवस्था बेहतर कर पाए। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो वही काम करके दिखाएं, जो काम आम आदमी पार्टी करती है।

## गांव चलो अभियान में सीएम धामी चंपावत के ढांटा गांव पहुंचे, लोगों से काम का फीडबैक लिया



चंपावत। उत्तराखंड में भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत दो दिवसीय दौरे पर सीएम धामी चंपावत के ढांटा गांव पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद वह मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरन उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं के बारे में फीड बैक लिया। उन्होंने डेरी प्रोडक्ट प्रोसेसिंग यूनिट में कार्यरत स्थानीय महिलाओं से भी मिलकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार स्थानीय उत्पादों को वोकल फॉर लोकल अभियान से दुनिया मे नई पहचान दे रही है। सीएम धामी ने कहा कि लोगों से मिले सुझाव और विशेषकर मातृशक्ति के चेहरों पर सरकार के कामकाज के प्रति दिखे संतुष्टि के भाव से नई ऊर्जा प्राप्त हुई है और उनसे मिले असीम स्नेह व आशीर्वाद से मन अभिभूत है। गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा ने गांव चलो अभियान को लेकर मुख्यमंत्री समेत सरकार में मंत्रियों एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की थी। 29 पार्टी पदाधिकारियों की प्रवास के गांव तय किए गए थे। पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश के 11729 बूथों पर 24 घंटे प्रवास कर रहे हैं। इस दौरान वे जनता के माध्यम केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं।

## नगर निगम की पहली मेयर शकुंतला राजलीवाला के नौकर की हत्या, युवक को आरोपियों ने फोन करके बुलाया

हिसार। हिसार के जिंदल चौक पर शुक्रवार की रात को पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाल के घर काम करने वाले नौकर की चाकू मार कर हत्या कर दी। शव को नागरिक अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी खंगाले हैं। जिसमें एक फुटेज में चार पांच लोग पुतन पर हमला करते हुए दिख रहे हैं। जानकारी के अनुसार यूपी के बहराईच जिले की महसी तहसील के गांव कपूरपुर निवासी पुत्तन पिछले लंबे समय से हिसार में रहा है। वह पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाल के अर्बन एस्टेट स्थित मकान नंबर 40 में घर पर सफाई का काम करता था। कुछ लोगों ने पुतन को फोन कर उसे जिंदल चौक पर बुलाया। उसके बाद पुत्तन के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। एक युवक ने उसे पर चाकू से हमला कर दिया। शरीर पर चाकू के चार–पांच बार किए गए हैं। जख्मी हालत में घायल को जिंदल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसएचओ अर्बन स्टेट चौकी इंचार्ज अर्बन स्टेट ,स्पेशल स्टाफ मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों को अस्पताल में बुलाया गया है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

## सोनीपत में दर्दनाक हादसा : पगफेरे की रस्म पूरी कर रहे लौट रहे दूल्हे की मौत, आमने–सामने हुई कारों की टक्कर

सोनीपत। सोनीपत के गोहाना के गुढ़ा रोड स्थित ससुराल में पगफेरे की रस्म पूरी कर पत्नी के साथ जींद स्थित गांव खांडा खेड़ी लौट रहे दूल्हे की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा दूसरी कार में टक्कर लगने से हुआ। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार– हिसार के गांव खांडा खेड़ी निवासी प्रवीन कुमार की शादी 8 फरवरी को गोहाना के गुढ़ा रोड की युवती से हुई थी। प्रवीन कार में सवार होकर ससुराल आए थे। पगफेरे की रस्म पूरी होने के बाद वह शुक्रवार रात को अपनी पत्नी के साथ वापस गांव लौट रहा था। रात को जब वह गांव बुटाना के पास पहुंचे तो इसी दौरान हुए सड़क हादसे में प्रवीन की मौत हो गई। प्रवीन की कार दूसरी कार में टकरा गई। हादसे की सूचना बरोदा थाना की बुटाना चौकी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। प्रवीन के फूफा महेंद्र सिंह ने बताया कि एक दिन पहले तक घर में खुशियां छाई थी। हादसे के बाद से मातम पसरा है।

## सब्जी मंडियों में अपनी मांगों को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, झज्जर में दिखा विरोध का असर



नारनौल/झज्जर। प्रदेशव्यापी हड़ताल को लेकर नारनौल की सब्जी मंडी में भी व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा पहले ही कर दी थी। जिसकी वजह से शहर में किसी भी दुकान व रेहड़ी पर सब्जी नहीं दिखाई दी। ऐसे में एक दो दिन तो लोगों को परेशानी नहीं होगी, लेकिन हड़ताल लंबी चली तो परेशानी बढ़ सकती है। आढ़तियों का कहना है कि पिछले वर्ष की मार्केट फीस के हिसाब से आने वाले वर्ष की मार्केट फीस एडवांस में भरवाना चाहती है। इसके साथ प्रत्येक वर्ष 10 फीसदी और फीस लगाई जाएगी जो सरासर गलत है। सब्जी व्यापारियों ने कहा कि सरकार व्यापारियों पर स्लैब सिस्टम लागू करना चाहती है तथा छोटे दुकानदारों पर लाइसेंस की एवज में हर साल 7200 रुपए वसूलना चाहती है, जिसका दुकानदार विरोध कर रहे हैं। नारनौल सब्जी मंडी प्रधान अजीत सिंह ने बताया कि सरकार जब तक मांग नहीं मानेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

**झज्जर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू**

हरियाणा सरकार द्वारा सब्जी व फलों पर एक मुश्त मार्केट फीस लगाने के विरोध में शनिवार से आढ़ती और मासाखोरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। मंडी परिसर में किसी प्रकार की कोई खरीद–फरोख्त नहीं हुई। हालांकि मंडी के बाहर किसानों और रेहड़ी चालकों ने सभी और फल बेच रहे हैं।

सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी मांग है कि सरकार द्वारा आढ़तियों पर लगाए दो प्रतिशत टैक्स को हटाया जाए। इसके विरोध में सब्जी मंडी के आढ़तियों ने पहले भी सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया था। वहीं अब सब्जी मंडी आढ़ती संगठनों ने फैसला किया है कि वो प्रदेश भर की सब्जी मंडियों में आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। सब्जी मंडी में 44 आढ़ती और लगभग 300 मासाखोर प्रतिदिन सब्जियों व फलों का व्यापार करते हैं।

## रेवाड़ी में जिंदा जलने से बचे पति पत्नी, घर में लगी आग को बुझाने की कर रहे थे कोशिश, पड़ोसियों की मदद से बची जान

रेवाड़ी शहर के एक घर में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। आग घर के फर्स्ट फ्लोर पर लगी थी। आग को काबू पाने के चक्कर में घर के मालिक अपनी पत्नी के साथ ही भीतर फंस गए। आग की लपटे तेजी से फैलने के बाद जब पड़ोसियों को पता चला तो दोनों को सेफ तरीके से बाहर निकाला गया। सूचना के बाद दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद आग को बुझाने का काम शुरू किया गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मोहल्ला खासापुरा निवासी अशोक कुमार शनिवार को अपनी पत्नी सुदेश देवी के साथ घर पर ही मौजूद थे। अचानक घर के फर्स्ट फ्लोर पर बने एक कमरे में आग लग गई। अशोक कुमार ने पत्नी के साथ मिलकर आग पर अपने ही स्तर पर काबू पाने की कोशिश भी की। लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। पूरे मोहल्ले में आग का धुआं फैलने के बाद अशोक के घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने अशोक कुमार को आवाज लगाई तो वह ऊपर मकान में फंसे हुए थे। किसी तरह कुछ लोग घर के अंदर घुसे और दोनों को बाहर निकाला गया। सूचना के कुछ देर बाद ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। इसी बीच एक और दमकल की गाड़ी को मौके पर बुला लिया गया। दो गाड़ियों के सहारे आधे घंटे बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग की वजह शार्ट सर्किट हो सकती हैं।

## खाली प्लाट में मिला बच्चे का भ्रूण, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

रेवाड़ी शहर के एक खाली प्लाट में नवजात शिशु के भ्रूण मिलने का मामला सामने आया है। करीब 7–8 महीने के इस भ्रूण को प्लास्टिक की थैली में लपेट कर फेंका हुआ था। एक व्यक्ति जब खाली प्लाट में शौच करने गया तो उसकी नजर पड़ गई। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। रामपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर भ्रूण को कब्जे में लिया तथा अज्ञात के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है। थाना रामपुरा पुलिस ने बताया कि उन्हें शहर की अंबेडकर कॉलोनी निवासी मिस्त्री सुरेंद्र से सूचना मिली थी कि रामपुरा फाटक के समीप एक खाली प्लाट पड़ा हुआ है। इससे कुछ दूर आगे बच्चे क्रिकेट खेल रहे है। जब वह खाली प्लाट में शौच करने गया तो उसे एक भ्रूण दिखाई दिया। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेलवे लाइन के साथ ही खाली प्लाट के अंदर जाकर देखा तो सफेद रंग की एक थैली में भ्रूण लिपटा हुआ था।

# हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर पहुंचे किसान: अंबाला में सुरक्षा बल तैनात; पटियाला-लुधियाना मार्ग बंद, रूट डायवर्ट



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा-पंजाब शंभू बॉर्डर पर किसान पहुंचना शुरू हो चुके हैं। किसान आंदोलन के लिए अंबाला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस ने अंबाला से पटियाला-लुधियाना जाने वाला मार्ग बंद कर दिया है और वाहनों को चंडीगढ़ की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है। वहीं, अंबाला के शहजादपुर में किसान आंदोलन को लेकर आर्म्ड फोर्स की टुकड़ी तैनात है। इसके साथ ही कई दिनों से पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर इसकी तैयारी चल रही है। बॉर्डर पर पुलिस ने डिवाइडर ब्लॉक और बैरिकेड पहुंचा दिए गए हैं।

इसके साथ ही अंबाला-राजपुरा रोड पर देवीनगर के पास सर्विस रोड को डिवाइडर ब्लॉक से बंद कर दिया है। शंभू बॉर्डर की तरफ से देवीनगर में जाने के लिए अंडरपास के नीचे से जाना पड़ता है, मगर यहां अंडरपास के पास तीन से चार लेयर में डिवाइडर ब्लॉक लगा दिए हैं। इससे लोगों को राजमार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है, हालांकि अभी अंबाला-राजपुरा राजमार्ग बंद कर दिया है।

### बॉर्डर पर पहुंचा रहे डिवाइडर ब्लॉक और बेरिकेड

शंभू बॉर्डर पर डिवाइडर ब्लॉक पहुंचाने के लिए कई दिनों से कार्य चल रहा है। बड़े ट्रकों की सहायता से यहां ब्लॉक पहुंचाए हैं और यहां से क्रेन की मदद से इन डिवाइडर ब्लॉक को दूसरी जगहों पर ले जाया गया है। वहीं, पुलिस जवान ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए टोल प्लाजा के पास तैनात किए हैं, जिससे कि लोगों को आवाजाही में कोई दिक्कत न आए।

### किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान पर सतर्कता

बता दें कि भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह ने अपनी मांगों के लिए 13 फरवरी को दिल्ली कूच का एलान किया है। यूनियन नेता किसानों को इसके लिए कई दिनों से गांव-गांव में जाकर जागरूक भी कर रहे हैं। पहले हुए अपने प्रदर्शन में किसान अंबाला से निकलकर दिल्ली पहुंच गए थे। मगर अब प्रशासन ने किसान आंदोलन को देखते हुए अपनी तैयारी की है। यह तैयारी कई दिनों से चल रही है। शहर के पुलिस लाइन में भी कई दिनों से मॉक ड्रिल की जा रही है।

### हरियाणा पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

किसान संगठनों द्वारा 13 फरवरी को दिल्ली कूच के आह्वान के चलते हरियाणा पुलिस द्वारा यात्रियों की सुविधा को लेकर एहतियात के तौर पर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। हरियाणा पुलिस ने इस दौरान लोगों से 13 फरवरी को प्रदेष के मुख्य मार्ग का उपयोग अति आवश्यक स्थिति में ही करने की सलाह दी है। हरियाणा से पंजाब की ओर जाने वाले सभी मुख्य मार्गों पर यातायात के बाधित रहने की संभावना है। अतः आमजन से अपील की गई है कि वे पंजाब की ओर यात्रा अति आवश्यक परिस्थितियों में ही करें।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था), हरियाणा, ममता सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एनएच-44 दिल्ली चंडीगढ़ हाईवे पर किसी यातायात की बाधा की परिस्थिति में चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्री डेराबस्सी, बरवाला/रामगढ़, साहा, शाहबाद, कुरूक्षेत्र के रास्ते अथवा पंचकूला, एनएच-344 यमुनानगर इंद्री/पिपली, करनाल होते हुए दिल्ली पहुंचे। इसी प्रकार, दिल्ली से चंडीगढ़ जाने वाले यात्री करनाल, इंद्री/पिपली, यमुनानगर, पंचकूला होते हुए अथवा कुरूक्षेत्र, शाहबाद, साहा, बरवाला, रामगढ़ होते हुए अपने गन्तव्य स्थान पर पहुंचे। लोग किसी भी असहज परिस्थिति में डायल-112 पर संपर्क करें।

उन्होंने बताया कि शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी तरह की हिंसा को रोकने और यातायात और सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस द्वारा विस्तृत व्यवस्था की गई है। इस संबंध में सभी रेंज एडीजीपी/आईजीपी, पुलिस आयुक्त और जिलों के एसपी को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि आमजन को कम से कम असुविधा हो एवं कानून व्यवस्था सुचारू रहे। इसके अतिरिक्त, प्रभावित जिलों खासकर अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, फतेहाबाद, सिरसा में यातायात के रूटों को अस्थाई तौर पर बदलने के लिए पहले से ही तैयारी कर ली गई है।

## सिरसा में बीजेपी नेता अशोक तंवर बोले: आप की हरियाणा में पैकिंग शुरू हो गई है, विपक्ष के पास उम्मीदवार नहीं



**दादरी (एजेंसी)।** सिरसा में आम आदमी पार्टी को लेकर डॉ. अशोक तंतर ने आम आदमी पार्टी को लेकर कहा कि आम आदमी पार्टी में खाली की गारंटी वाले लोग है। न इनमें दम है और न ही इनके नियम है। आप की ना चर्चा करें तो बेहतर है। हरियाणा के मानचित्र से आप गायब हो जाएगी। पैकिंग उन्होंने शुरू कर दी है। हरियाणा से उनका मॉडल ऐसा ही है, थोडे दिन सांठ गांठ करो और दूसरे प्रदेशों में जहां सरकार है।

वहां खुद को मजबूत करने की कोशिश करो। डॉ. तवंर ने कहा कि आज दिल्ली से लेकर पंजाब तक सब जगह चुनाव होगा तो उसमें आम आदमी पार्टी पूरी तरह से बेनकाब हो जाएगी। जिस मॉडल की वह बात करते थे। उस मॉडल को देश कबूल नहीं करने वाला। लोकसभा चुनावों को लेकर डॉ. तवंर ने कहा कि मेरी प्राथमिकता जमीनी स्तर पर काम करने की रही है। मैं जमीन से जुड़ा हुआ आमदी हूं। पहले भी संगठन ने जो दायित्व दिया, वह निभाया है। आज भी संगठन जो दायित्व देगा निभाउंगा। भाजपा में शामिल होने के बाद ऐसा लग रहा है जैसे हम तो नर्सरी में दोबारा एडमिशन ले रहे है। भाजपा में काम करने का तरीका व शैली सिखेंगे। पार्टी के आदेश को निभाने का कार्य करेंगे। अशोक तंवर ने कहा कि जो पार्टी व संगठन कहेगा वह करेंगे।

पार्टी चुनाव लड़ने को कहेगी तो चुनाव लड़ेंगे। पार्टी संगठन के लिए कार्य करने को कहेगी तो संगठन मजबूत करने का कार्य करेंगे। प्रदेश में 10 की 10 लोकसभा हम जीतेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए डॉ. अशोक तवंर ने कहा कि विपक्ष 10 सालों से अपना संगठन तक खड़ा नहीं कर पाया है। विपक्ष के पास कोई उम्मीदवार ही नहीं है, जो चुनाव लड़ सके। भाजपा का एक साधारण वर्कर भी चुनाव लड़ने का मादा रखता है।

## यमुनानगर जिले में मुख्यमंत्री ने 24.02 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 16 ओडीआर सडक़ों के सुधार को दी स्वीकृति- शिक्षा मंत्री कंवरपाल

**यमुनानगर (एजेंसी)।** हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर जिले में 16 ओडीआर सड़कों की विशेष मरम्मत और सुधार के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रोजेक्ट पर 24.02 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगी। ये सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों को बाजार केंद्रों, तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक विकास मुख्यालयों, रेलवे स्टेशनों आदि तक पहुंच प्रदान करेंगी। इन सडक़ों को अन्य जिला सड़कों (ओडीआर) के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत विशेष मरम्मत में यमुनानगर जिले में 0.360 किलोमीटर तक गांव कैथ व कलानौर से फतेहपुर तक का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत 24.56 लाख रुपए होगी। इसी प्रकार गांव बाडी माजरा से एच.बी. तीर्थ नगर तक की अनुमानित लागत 29.91 लाख रुपए, ग्राम कैथ व कलानौर रोड़ से इस्सरपुर तक अनुमानित लागत 64.11 लाख रुपए, यमुनानगर जिले में ग्राम शादीपुर व जयपुर से पांजुपुर रोड़ की अनुमानित लागत 14.11 लाख रुपए, ग्राम पांसरा व शहजादपुर रोड़ से एच.बी. साबेपुर की लागत 27.16 लाख रुपए, गांव पांसरा व शहजादपुर रोड़ से मेहर माजरा तक की अनुमानित लागत 34.19 लाख रुपए, ग्राम बुड़िया, खदरी व देवधर से ग्राम फतेहगढ़ तक सडक़ की अनुमानित लागत 46.64 लाख रुपए, गांव बधी माजरा से गधौली माजरी तक सडक़ की अनुमानित लागत 29.29 लाख रुपए, गांव जगाधरी, छछरौली व पौंटा रोड़ से बलाचौर रोड़ की अनुमानित लागत 51.20 लाख रुपए तथा ग्राम कैथ व कलानौर से परवालो सडक़ पर अनुमानित लागत 31.77 लाख रुपए आएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यमुनानगर जिले में रामपुर तक पांसरा व शहजादपुर सड़क की अनुमानित लागत 67.41 लाख रुपए, पांसरा व शहजादपुर से कनालसी तक 13.48 लाख रुपये की अनुमानित लागत के साथ तथा यमुनानगर जिले में बाडी माजरा से होते हुए एसबीआई पांसरा रोड़ के सुधार कार्य पर 42.62 लाख रुपए लागत आएगी। इसी प्रकार यमुनानगर जिले में ग्राम बूड़िया, खदरी व देवधर रोड़ (किमी. 0.00 से 19.50) के साथ-साथ ग्राम बूड़िया, खदरी व देवधर रोड़ (0.00 से 11.752 किमी), जगाधरी, बूड़िया व देवधर रोड़ (11.75 से 18.60 किमी.) तथा देवधर व नैनावली रोड़ (18.60 से 19.50 किमी.) के सुदृढ़ीकरण पर अनुमानित 18.60 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने छोड़ी कांग्रेस, कल भाजपा में होंगे शामिल



रोहतक। हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस के पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने शनिवार को कांग्रेस छोड़ दी। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ई–मेल से पत्र भेजकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र भेज दिया। 12 फरवरी को कृष्ण मूर्ति हुड्डा भाजपा में शामिल होंगे। साथ में भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। कृष्णमूर्ति हुड्डा ने बताया कि उसके समर्थक सेक्टर छह में राजीव गांधी स्टेडियम के मुख्य द्वार पर एकत्रित होंगे। वहां से जुलूस के तौर पर भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय में जाकर शामिल होगा।

**भजनलाल सरकार में मंत्री रहे हैं हुड्डा**– पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा भजनलाल सरकार में 1982 से 1986 तक चेयरमैन रहे हैं। जबकि 1991 से 1996 तक श्रममंत्री रहे। हालांकि 1996 में वे किलोई हलके से उनको श्रीकृष्ण हुड्डा ने हरा दिया। लंबे समय से वे कांग्रेस में उपेक्षा झेल रहे थे।

**हुड्डा के बारे में कुछ नहीं कहूंगा, सुभाष बतरा को कोई सलाह नहीं**– कृष्णमूर्ति हुड्डा अक्सर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की आलोचना करते रहे हैं। अब उनका कहना है कि उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी, अब वे हुड्डा के लिए कुछ नहीं कहना चाहते। पूर्व मंत्री सुभाष बतरा को कोई सलाह नहीं देंगे। अब उनकी बतरा से कोई बातचीत नहीं होती है।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारत रत्न से सम्मानित लाल कृष्ण आडवाणी से की मुलाकात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आडवाणी को हरियाणा में चलाई जा रही योजनाओं व कार्यों की जानकारी देते हुए नौ सालों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक भी भेंट की। लाल कृष्ण आडवाणी ने हरियाणा में किये जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद पहली बार उनसे मिलने पहुंचे थे और इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री लालकृष्ण आडवाणी हमेशा आगे बढ़ने का हौसला देते हैं, सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते रहे हैं। उनसे मिलने में विशेष स्नेह की अनुभूति होती है। उन्हें 3 फरवरी को जब भारत रत्न देने की घोषणा हुई, हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है। मैंने तभी फैसला किया था कि जब दिल्ली आना होगा तो मुलाकात जरुर करेंगे।

## पानीपत में जीएसटी विभाग के अधीक्षक व निजी सीए को पकड़ा

### उद्यमी से मांगी थी साढ़े 10 लाख रिश्वत, रंगे हाथ किए काबू



**पानीपत (एजेंसी)।** पानीपत में उद्यमी को जीएसटी न भरने पर एक करोड़ रुपये जुर्माने का भय दिखाकर साढ़े 10 लाख रुपये रिश्वत लेने वाले जीएसटी विभाग के अधीक्षक व एक निजी सीए को करनाल एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया है। इनके पास से एसीबी ने साढ़े 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। ये कई दिन से उद्यमी को एक करोड़ रुपये जुर्माने का भय दिखाकर डरा रहे थे। अधीक्षक व सीए पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

एसीबी करनाल के इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने बताया कि जीएसटी के अधिकारियों ने छह फरवरी को सेक्टर 25 में एक फैक्टरी में रेड की थी। यहां जीएसटी के अधीक्षक प्रेम राज मीणा अपनी टीम के साथ गए थे। अधीक्षक प्रेम राज मीणा ने उद्यमी को कहा कि वो जो माल बेच चुके हैं उस पर 12 प्रतिशत के हिसाब से जीएसटी नहीं काटी गई है। ये दंडनीय अपराध है। उद्यमी ने अपना मत देते हुए कहा कि कुछ माल पर पांच प्रतिशत बनती है। कुछ माल पर सात व नौ प्रतिशत जीएसटी बनती है। जो सरकार की जीएसटी की निर्धारित दर है उन्होंने उसी हिसाब से जीएसटी काटी है। अधीक्षक प्रेम राज मीणा ने कहा कि पूरे माल पर 12 प्रतिशत लगेगा। इसलिए उस पर एक करोड़ रुपये जुर्माना लगेगा। उद्यमी को इतने जुर्माने के नाम पर डराया गया।

सात फरवरी को अधीक्षक प्रेम राज मीणा दोबारा उद्यमी की फर्म में गए और यहां एक निजी फर्म के सीए को बुलाया। सीए के माध्यम से जीएसटी 11 लाख रुपये बताया और कहा कि ये कर तो भराना होगा। इसके लिए उद्यमी से 12 लाख रुपये रिश्वत मांगी गई। उद्यमी ने कहा कि वो एक साथ इतने पैसे नहीं दे सकता। उसने अधीक्षक प्रेम राज मीणा को शांत करने के लिए उसने मजबूरी में तीन लाख रुपये उसे दे दिए।

फिर अधीक्षक प्रेम राज मीणा ने सीए के माध्यम से नौ लाख रुपये का दबाव बनाना शुरू कर दिया। शुक्रवार को उद्यमी प्रेम राज मीणा के पास गए थे। प्रेम राज मीणा ने कहा कि पैसे कम नहीं होंगे। वो सीए से जाकर मिल ले। वो सीए पंकज खुराना के पास गए तो उसने नौ लाख की डिमांड की। उन्होंने कहा कि उनके पास अभी सात लाख रुपये का इंतजाम है। प्रेम राज मीणा व सीएम पंकज खुराना नहीं माने और नौ लाख रुपये का दबाव बनाते रहे। शिकायकर्ता उद्यमी ने शुक्रवार को करनाल एंटी करप्शन ब्यूरो को अपनी शिकायत दी। यहां से इंस्पेक्टर सचिन कुमार के नेतृत्व में टीम को गठन किया गया।

टीम सीधा सीए पंकज खुराना के पास पहुंची। यहां से उसको हिरासत में लिया गया। इसको साथ लिया गया। सीए पंकज खुराना ने अधीक्षक पवन मीणा को मितल मेगा मॉल के पास बुलाया। यहां शिकायतकर्ता को सीए पंकज खुराना के साथ अधीक्षक पवन मीणा की गाड़ी में भेजा गया। शिकायतकर्ता ने जैसे ही अधीक्षक को सात लाख रुपये दिए एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। उससे सात लाख रुपये बरामद किए गए। इसके बाद टीम ने उससे पहले लिए गए तीन लाख रुपये भी बरामद किए गए। एसीबी की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले से जुड़े अन्य अधिकारियों की भी जांच की जा रही है।

## सीताराम हलवाई से रंगदारी मांगने का मामला: रोहतक पुलिस ने तीन आरोपी पकड़े, शराब पीकर चलती गाड़ी में बना प्लान

**रोहतक।** गोहाना मातूराम हलवाई की दुकान पर हुई फायरिंग व दो करोड़ की रंगदारी मांगने के तरीके को देखकर ही सांपला के सीताराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग कर एक करोड़ की फिरौती मांगने का आईडिया आया था। काले रंग की स्कॉरपिओ में मंगलवार रात आरोपियो ने शराब पी और सीताराम हलवाई की दुकान पर गोली चला दी। साथ ही पर्ची फेंककर एक करोड़ की रंगदारी मांगी। शनिवार को पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास करेगी। एसपी हिमांशु गर्ग ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि खेड़ी साध निवासी नवीन उर्फ भांजा, झज्जर जिले के गांव छारा निवासी अमित उर्फ मित्ता व आसंडा निवासी कपिल उर्फ भोलू अच्छे दोस्त हैं। नवीन की सोनीपत स्टैंड पर दुकान व सांपला में होटल है। ढाई माह पहले उसने काले रंग की नई स्कॉरपिओ ली थी। साथ ही 2019 में फायरिंग के केस में जेल गया था, 10 माह बाद जमानत पर बाहर आ गया। जबकि अमित के खिलाफ कब्जा हटाने को लेकर पुलिस ने झड़प व मारपीट का केस है, जबकि कपिल के खिलाफ कोई केस नहीं मिला है। तीनों ने पहले सांपला बाईपास स्थित होटल में शराब पी। इसके बाद स्कॉरपिओ में सांपला से रोहतक आए और रोहतक से झज्जर गए। चलती गाड़ी में भी शराब पीते रहे। शराब पीने के दौरान आईडिया कि सीताराम हलवाई की दुकान पर फायरिंग कर एक करोड़ की रंगदारी मांगते हैं, जिस पर तीनों की सहमती बनी। तीनों आरोपी गोहाना में दो करोड़ की फिरौती मांगने के मामले को लेकर अवगत थे। साथ ही दबाव बनाने के लिए अमन भैंसवाल ग्रुप, भाऊ गैंग लिख दिया। एसपी ने बताया कि अभी तक आरोपियों का किसी भी गैंग या अमन भैंसवाल से संपर्क नहीं मिला है। न ही सीताराम हलवाई की दुकान संचालक के साथ कोई विवाद सामने आया है।

### नवीन ने मामा की लाइसेंसी रिवाल्वर से चलाई गई, डोगा भी बरामद

एसपी ने बताया कि नवीन के मामा का 2020 में देहांत हो चुका है। तब उसे उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर उसके पास ही है। साथ ही लाइसेंसी डोगा भी घर से बरामद हुआ है। पुलिस अब उस रिवाल्वर को बरामद करने का प्रयास कर रही है, जिससे गोली चलाई गई।



### पुलिस ने कंपनी से निकलवाया काले रंग की स्कॉरपिओ का डाटा

एसपी ने बताया कि तीन दिन तक पुलिस ने कड़ी मेहनत की। साथ ही कंपनी से काले रंग की नई स्कारिओ का डाटा निकलवाया। आखिर अभी कितने लोगों ने स्कॉरपिओ खरीदी है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे व मोबाइल फोन की कड़ी से कड़ी जोड़ने का प्रयास किया। तब टीम को सुराग लगा कि वारदात के पीछे नवीन व उसके साथियों का हाथ है। दबिश देकर शुक्रवार को उन्हें नयाबांस गांव के फ्लाईओवर से गाड़ी सहित दबोच लिया।

# माघ माह में त्रिवेणी संगम स्नान का बड़ा ही माहात्म्य माना गया - जगद्गुरु नरेन्द्रानन्द



**पटौदी।** श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज ने माघ माह में शुक्रवार को मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर त्रिवेणी संगम में राष्ट्र की समृद्धि और विश्व मांगल्य की कामना से स्नान कर मां गंगा का पूजन किया। यह जानकारी शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी बृजभूषणानन्द सरस्वती द्वारा पत्रकारों को उपलब्ध करवाई गई है। संगम में गंगा स्नान के उपरांत सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु पूज्य शंकराचार्य नरेन्द्रानन्द महाराज ने कहा कि गंगा तट पर कल्पवास और कुछ विशेष तिथियों के दिन गंगा स्नान आदिकालीन और शास्त्रोक्त परम्परा के अनुसार चली आ रही है। आज भी लोग इस माघ माह की पूर्णिमा, एकादशी, चतुर्थी और अमावस्या को पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाकर पाप मुक्त होने का विश्वास लेकर आते हैं। ऐसी होती है आस्था, जो धर्म का सबसे बड़ा सम्बल है। माघ माह में त्रिवेणी संगम स्नान का बड़ा ही माहात्म्य माना गया है अतः बहुत से भक्त नर-नारी यहां माघ के पूरे महीने तक संगम के पास कुटिया बनाकर वास करते हैं, जिसे %कपिल वास% करना भी कहते हैं। संभवतः यह शब्द %कल्पवास% का अपभ्रंश है। माघ मास में सनातनी पूरे महीने तक व्रत करते हैं. केवल फलाहार पर रहते हैं। चटाई पर सोना, तेल न लगाना, किसी प्रकार का श्रृंगार न करना तथा संयम पूर्वक रहना-इन नियमों को पालन करना अति आवश्यक होता है।

**शंकराचार्य नरेन्द्रानन्द महाराज ने कहां गंगा के प्रति लोगों की असीम श्रद्धा तथा अगाध भक्ति को देखकर हृदय गद्गद् हो जाता है। प्रयाग तो स्वयं तीर्थों का राजा है और उस पर त्रिवेणी का संगम और फिर मौनी अमावस्या का पवित्र पर्व है। समुद्र या जल के आसपास, शुद्ध आत्माओं को भगवान के नाम पर स्नान करना चाहिए। ऐसे स्नान के कारण तत्वों के दोबारा विषैले नहीं होने पर भी शरीर त्यागने से शरीर का कोई बंधन नहीं रह जाता।**

**स्नान का सबसे बड़ा पर्व 'मौनी अमावस्या'**

उन्होंने बताया माघ माह में कुछ लोग पूरे महीने तक उपवास करते हैं। कुछ लोग केवल फलाहार पर रहते हैं। चटाई पर सोना, तेल न लगाना, किसी प्रकार का श्रृंगार न करना तथा संयम पूर्वक रहना-इन नियमों को पालन करना अति आवश्यक होता है। माघ माह के स्नान का सबसे बड़ा पर्व यही 'मौनी अमावस्या' है। इस दिन यूं तो सभी शहरों में गंगाङ्स्नान की भीड़ होती है, परन्तु इस दिन प्रयाग में प्रचण्ड जन-समुदाय इकट्ठा होते हैं। सन् 1930 में जो कुम्भ लगा, उस समय इस मौनी अमावस्या के दिन लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया। लोगों की विपुल संख्या से उस महान जन-समूह का कुछ अन्दाजा लगाया जा सकता है। उस समय गंगा माई पर जोरदार ध्वनि से आकाश गूंजने लगता है। उस दिन त्रिवेणी के संगम पर जिधर देखिये उधर सिर ही सिर दिखाई पड़ते थे। यदि राई भी फेंक दी जाये तो वह भी नीचे नहीं गिर सकती।

**प्रयाग तो स्वयं तीर्थों का राजा**

शंकराचार्य नरेन्द्रानन्द महाराज ने कहां गंगा के प्रति लोगों की असीम श्रद्धा तथा अगाध भक्ति को देखकर हृदय गद्गद् हो जाता है। प्रयाग तो स्वयं तीर्थों का राजा है और उस पर त्रिवेणी का संगम और फिर मौनी अमावस्या का पवित्र पर्व है। समुद्र या जल के आसपास, शुद्ध आत्माओं को भगवान के नाम पर स्नान करना चाहिए। ऐसे स्नान के कारण तत्वों के दोबारा विषैले नहीं होने पर भी शरीर त्यागने से शरीर का कोई बंधन नहीं रह जाता। इस तरह से हमारे प्राचीन काल से मौनी अमावस्या के दिन प्रयाग आदि स्थानों में गंगा स्नान करने का विधान हैं।

# एचसीएस परीक्षा- जिला उपायुक्त और एचपीएससी मेंबर ने ली अधिकारियों की बैठक

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव और हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य राजेन्द्र कुमार ने 11 फरवरी को करनाल में आयोजित होने वाली एचसीएस परीक्षा के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के संबंध में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वायड और सेंटर सुपरिटेंडेंट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाना हम सबकी ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी है।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा प्रदेश की प्रतिष्ठित परीक्षा में से एक है। इसे हरियाणा लोक सेवा आयोग आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा के लिए करनाल में 47 सेंटर बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे से 12 बजे और 3 बजे से 5 बजे की दो शिफ्ट में परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8.30 बजे से 9.50 बजे तक कैंडिडेट एंट्री कर सकते हैं जबकि दूसरी शिफ्ट में 1.30 बजे से 2.50 बजे तक एंट्री होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाना हम सभी का अहम लक्ष्य है। सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का वहन करना है, कोई लापरवाही न बरतें। परीक्षा का नोडल आफिसर जिला परिषद सीईओ गौरव कुमार को बनाया गया है।




**कमरों की साफ सफाई, पीने के पानी, टॉयलेट, सीसीटीवी आदि की पहले से जांच कर ले अधिकारी-उपायुक्त**

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि सभी अधिकारी परीक्षा से पहले अपने सेंटर का दौरा कर लें। वहां पर कमरों में अच्छे से बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, टॉयलेट की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, बायोमैट्रिक मशीन आदि की व्यवस्था का पहले से जायजा ले लें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लगे प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी को पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। सभी परीक्षा निरीक्षक और अन्य अधिकारी समय से अपनी ड्यूटी पर रिपोर्ट करें। जिस कैंडिडेट का जिस कमरे में रोल नंबर हो उसी कमरे में उसे बैठने की अनुमति दी जाए। पेपर डिस्ट्रीब्यूशन और कलेक्शन के समय वीडियोग्राफी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सेंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरा को इस तरीके से लगाया जाए कि परीक्षा देने आ रहे प्रत्येक कैंडिडेट को देखा जा सके।

**परीक्षा केंद्र के सभी कमरों में लगी हो घड़ी-उपायुक्त**

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा केंद्र के सभी कमरों में घड़ी लगी हो और सभी घड़ियों का समय एक हो। परीक्षा केंद्र पर लगे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी आई कार्ड दिया जाए। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्र पर किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा निरीक्षक भी अपना मोबाइल फोन सेंटर सुपरिटेंडेंट के पास जमा करवाएंगे।

**परीक्षा केंद्रों के नजदीक धारा-144 रहेगी लागू - उपायुक्त**

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि 11 फरवरी को परीक्षा केंद्रों के नजदीक धारा-144 लागू रहेगी। फोटो स्टेट की दुकानें सुबह 9.30 से शाम 5 बजे तक बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सेंटर पर पुलिस के जवान तैनात होंगे।

**सभी अधिकारी अच्छे से पढ़ें आयोग की हिदायतें-राजेन्द्र कुमार**

हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य राजेन्द्र कुमार ने कहा कि एचसीएस परीक्षा में ड्यूटी दे रहे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आयोग ने हिदायतें जारी की हैं। सभी अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी से पहले अच्छे तरीके से इन हिदायतों को पढ़ें, ताकि परीक्षा के दौरान उन्हें किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट परीक्षा से एक दिन पूर्व रिहर्सल कर लें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा को समय पर शुरू करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में एएसपी प्रबिना पी., जिला परिषद सीईओ गौरव कुमार, डीईओ राजपाल चौधरी, सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सेंटर सुपरिटेंडेंट व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा के युवा दर दर की ठोकर खाने को मजबूर क्यों : दिनेश यादव

**गुरूग्राम।** आम आदमी पार्टी की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के युवाओं के रोजगार के लिए प्रदेश के हर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया और खट्टर सरकार से प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर सवाल जवाब किए। आम आदमी पार्टी गुडगाँव के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र खटाना ने बताया कि जिला के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिले के सदर बाज़ार में युवाओं के रोजगार की आवाज उठाई और खट्टर सरकार की रोजगार नीति की पोल खोली। बैनर और तख्तियों के माध्यम से खट्टर सरकार से संबंधित सवाल पूछे। इससे पहले बुधवार को आम आदमी पार्टी ने करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया और युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सारिका वर्मा ने कहा आम आदमी पार्टी प्रदेश के युवाओं की रोजगार के लिए आखिरी दम तक आवाज उठाएगी। खट्टर सरकार को युवाओं को रोजगार देने के लिए मजबूर कर देंगे। प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नौजवानों के रोजगार के लिए पुलिस की लाठियों से नहीं डरेंगे और जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। युवा जिला अध्यक्ष नितिन बत्रा ने कहा भाजपा सरकार में आज प्रदेश का हर युवा सड़कों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण युवा नशे और डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। दिनेश यादव ने कहा कि आज प्रदेश के युवा रोजगार न मिलने से अवैध तरीके से विदेश को पलायन करने को मजबूर है, जहां पर युवा अपनी जान तक गवां रहे हैं। भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती को लेकर गंभीर नहीं है। परंतु खट्टर सरकार केवल भ्रष्टचार में डूबी हुई है। लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर ने कहा कि जब सरकार नौकरियां नहीं दे पा रही है तो खट्टर सरकार 10,000 पढ़े लिखे युवाओं को मजदूर बनाकर इजरायल भेज रही है। उस युद्धग्रस्त क्षेत्र में भेज रही है जहां से सभी देश अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। आम आदमी पार्टी इस संघर्ष में युवाओं के साथ खड़ी है। हरियाणा की जनता इस निक्कमी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। इस विरोध प्रदर्शन में गुड़गांव से हरि सिंह चौहान, सिद्धांत गुप्ता, वीना हंस, श्यामलाल बामनिया, नरेश चौहान, बादशाहपुर से कल्लू प्रधान, भोले गुज्जर,निकेत अरोड़ा, विजेश खटाना, निशांत आनंद,मीनू सिंह,शिवांग सिंह पटौदी विधान सभा से जय नारायण बजरड़िया, रवि यादव, पवन नेहरा, विजय कुमार और सोहना से सतबीर फ़ौजी, नरेश घोड़ारोप, सतेन्द्र बौहरा दिनेश नम्बरदार, अशोक शर्मा, अभिराघव,धीरेन्द्र प्रधान ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया




# पुरानी पेंशन संकल्प महारैली को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह : सतबीर सिंह



**करनाल।** आईटीआई के स्टाफ की मीटिंग प्रधान सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आईटीआई करनाल में हुई। सभी स्टाफ सदस्यों में 11 फरवरी को जींद में होने वाली पेंशन संकल्प महारैली को लेकर उत्साह देखने को मिला। कर्मचारियों ने परिवार सहित रैली में शामिल होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान सतबीर सिंह ने कहा कि जींद में होने वाली पेंशन संकल्प महारैली पुरानी पेंशन बहाली के बंद दरवाजे को खोल देगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी पेंशन बहाली के लिए हर कदम उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईटीआई स्टाफ का हर सदस्य 11 फरवरी को जींद रैली में पूरे परिवार के साथ हिस्सा लेगा। रैली के बाद भी सरकार होश में नहीं आई तो भविष्य में भी और कड़े कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर राज्य प्रधान मलखान सिंह, महासचिव अरविंद यादव, लक्ष्मीकांत, सीमा पटवा, नेहा कुमारी, पूनम, रामविलास शर्मा, धर्मपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, यतेंद्र कटियार, महेंद्र सिंह सुभरी, शिव कुमार, अमित रमन, विकास, मनदीप, हरीश कुमार, कुलदीप व पवन घई आदि मौजूद रहे।

# क्राइम डायरी

## ट्रैफिक पुलिस ने बल्लभगढ़ शहर के सेक्टर-9/10 और सेक्टर 3/4 में विशेष कार्रवाई कर सड़क से हटवाया अतिक्रमण



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने सेक्टर-9/10 और सेक्टर 3/4 की मार्केट में अतिक्रमण करने या रेहडी लगाकर सड़क पर जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 463 वाहन चालकों के चालान किए गए। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि पुलिस के द्वारा शहर में अतिक्रमण से जाम की परेशानी होती है। अगर सड़को पर अतिक्रमण नही रहेगा तो यातायात सुगम चलेगा। जाम के कारण यात्रियो को कई कई घंटे जाम में खडा रहने पडता है जिस परेशानी को देखते हुए सड़क के किनारे लगई रेहडियों से किए गए अतिक्रमण के लिए अभियान चलाकर रेहडियो को हटवाने की कार्रवाई की गई है। जिसमे बल्लभगढ़ क्षेत्र की सेक्टर-9-10 और सेक्टर 3-4 शामिल है सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान लगाकर या सड़कों पर रेहडी लगवाकर अतिक्रमण किया जाता है। दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने या सड़क की जगह पर सामान रखने से सड़क का रास्ता संकरा हो जाता है जिसकी वजह से वहां पर वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। सड़क संकरी हो जाने की वजह से वाहन धीरे धीरे चलते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहन रुक जाते हैं इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यात्रियों को इसकी वजह से बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही अवैध पार्किंग, अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या को मध्यनज़र रखते हुए अवैध पार्किंग करने वाले ऑटो चालकों, वाहनों के ई-चालान एवं पोस्टल चालान सहित कुल 155 चालान किये गये हैं तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 463 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदार सड़क पर सामान लगाकर अतिक्रमण न करें या जहां से अतिक्रमण हटा दिया गया है वहां पर दोबारा से समान न लगाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पैसे भेजने से पहले अपनी जानकारी से संपर्क करके अच्छी तरह कर लें जांच

**साइबर पुलिस की उपलब्धियाँ**

26 जनवरी से 01 फरवरी तक साइबर अपराध के 4 मामले सुलझाते हुए 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रतीक, अविनाश, राहुल, रिहान, शुभम, आरिफ, मुस्कान, दीपांशु, दिनेश, मुकेश, अकरम

1 केस साइबर सेंन्ट्रल, 1 साइबर बल्लबगढ़ तथा 2 मामले साइबर एनआईटी ने सुलझाए

इस सप्ताह में साइबर पुलिस ने 66 शिकायतों का

निस्तारण करते हुए 1,36,557 रूपये बैंकों में सीज कराये गये।

## महिला थाना एनआईटी प्रभारी व थाना सैक्टर-58 की टीम ने राजीव कॉलोनी में आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक व बताए नशे के दुष्परिणाम

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने 20 दिन पहले हत्या के मुकदमे में आरोपियों को असल सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गांव तिल्लोरी खादर में 14 जनवरी को जमीन विवाद में प्रॉपर्टी डीलर रामसेवक की हत्या योजना के तहत कर दी है। मृतक के छोटे भाई विजेंद्र पाल की शिकायत पर थाना भुपानी में योजना के तहत अवैध हथियार से हत्या की प्रयास और हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा मामले में तुरंत कार्रवाई के दिए गए आदेश डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिन्द्र सिहँ की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोहित उर्फ़ कपील, गौरव,मुबीन उर्फ़ सेंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अतेंद्र फरीदाबाद के बुढेना गांव का रहने वाला है। इस मामले में मृतक रामसेवक व मामले के मुख्य आरोपी मोहित के बीच जमीनी विवाद चल रहा था जिस कारण पहले भी संबंध में झगड़े हुए हैं जो अब मोहित उर्फ़ कपिल ने इस जमीन विवाद को लेकर रामसेवक को मारने की योजना बनाई थी। योजना के तहत कपिल ने पता किया कि रामसेवक हर रविवार तिल्लोरी खेतों पर जाता है और मोहित उर्फ़ कपील ने अपने साथियो मुबीन, गौरव, और अन्य आरोपी के साथ मिलकर रामसेवक की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए आरोपी अतेंद्र को बीपीटीपी एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाने में अवैध हथियार का एक और मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह पिस्टल अब्बास नाम के व्यक्ति से 95000 में खरीद कर लाया था जिसकी तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी अवैध हथियार व लड़ाई झगड़े के कई मुकदमे दर्ज हैं।




3. कभी भी किसी संदिग्ध मैसेज, ईमेल व कॉल का उत्तर नही देना चाहिए।

4. कभी भी अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप या पीसी भी ऐसी कोई भी ऐप्लिकेशन डाउनलोड नही करनी चाहिए, जिसके कारण आपकी डिवाइस को रिमोटली कण्ट्रोल किया जा सके।

5. किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक नही करना चाहिए, इससे आपकी सारी व्यक्तिगत जानकारी साइबर अपराधियों के पास जा सकती है।

6. कोई भी बैंक अधिकारी या ग्राहक सेवा अधिकारी फोन कॉल, ईमेल या मैसेज के जरिए आपकी व्यक्ति जानकारी नही मांगता है। इसलिए किसी को भी अपनी बैंकिंग संबंधित व अन्य व्यक्ति जानकारी सांझा नही करनी चाहिए।

## 505 ग्राम गांजा सहित महिला आरोपी को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धरा-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमें महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी लतेश मूल रुप से रेवाडी रेलवे स्टेशन के नज्दीक शास्त्री कॉलोनी की तथा वर्तमान में राजीव कॉलोनी सेक्टर-56 में रहती है। आरोपी महिला को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से राजीव कॉलोनी में गांजा बेचते हुए काबू किया है। आरोपी महिला से तलाशी के दौरान 505 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। आरोपी महिला पुडिया बनाकर गांजा बेचती है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला गांजा को मथुरा में रेलवे कॉलोनी में किसी व्यक्ति से 6000/-रु में खरीद कर लाई थी जिसमें से कुछ किसी व्यक्ति को 300रु में बेच दिया था। आरोपी महिला परचूने की छोटी सी दुकान करती है। पूछताछ के बाद महिला को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।



## वाहन चोरी के मुकदमें में आरोपी को मोटरसाइकिल सहित अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिंदर की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आकाश मेहता उर्फ गाँधी गाँव साहर घाट मधुबनी बिहार हाल जैतपुर एक्सटैंशन पार्ट-1 साऊथ दिल्ली का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से इस्माइलपुर एरिया से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया है।



आरोपी ने मोटरसाइकिल को दिल्ली से चोरी किया था। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी से थाना पल्ला व शहर बल्लबगढ़ के चोरी के मुकदमें का खुलासा हुआ है। आरोपी ने थाना पल्ला में शिकायतकर्ता के घर के बाहर से तथा थाना शहर बल्लबगढ के मुकदमें में शनि मंदिर की पार्किंग से मोटरसाइकिल को चोरी किया था।



# रोज नहीं खाएं अण्डे

**अगर आप रोजाना अंडे खा रहे हैं तो इनको खाना छोड़ दीजिए। नए शोध में पता चला है कि जो रोज अंडे खाते हैं वह बीमार जल्द पड़ते हैं। अंडे का सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए।**

*क्या यह सच है कि* अगर सेहत बनानी हो तो रोज अंडे पेट में उतार लिया करो। जबकि सच्चाई यह है कि ऐसा करना आ बैल मुझे मार जैसी बात कहना है, क्योंकि बिना डॉक्टर से पूछे किसी को भी अंडे खाने ही नहीं चाहिए। खासकर, शुगर, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल, हार्ट के पेशेंट्स और मोटापे वालों को तो अंडों से दूर ही रहना चाहिए, क्योंकि अंडे उनके रोग को और बढ़ा सकते हैं।

## सेहत के लिए ठीक नहीं

डॉक्टरों का कहना है कि इस बारे में 1999 में जर्नल ऑफ मेडिकल एसोसिएशन में बॉस्टन के हावर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ के न्यूट्रीशन विभाग के डॉ. हू. एफ बी एंड ग्रुप की रिपोर्ट में कहा गया था कि बीपी, हार्ट, शुगर और कोलेस्ट्रॉल के मरीजों के लिए अंडा खाना ठीक नहीं है, जबकि अभी तक इस बारे में एक भी भारतीय रिपोर्ट सामने नहीं आई कि रोज अंडे खाने से सेहत बनती है या आप स्वस्थ रहोगे। जबकि सबसे ज्यादा शुगर, बीपी आदि के मरीज भारत में ही हैं। इसलिए रोज अंडे खाना किसी भी तरह से ठीक नहीं है।

## ज्यादा प्रोटीन खतरनाक

हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि एक अंडे में 213 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है यानी आठ से नौ चम्मच मक्खन के बराबर, क्योंकि एक चम्मच मक्खन में 25 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। इसलिए सिर्फ शुगर, हाई बीपी और हार्ट पेशेंट्स को ही इन्हें दूर से सलाम नहीं करना चाहिए, बल्कि सामान्य सेहत वाले लोगों को भी अगर डॉक्टर प्रोटीन की जरूरत बताये, तभी खाना चाहिए।

## विज्ञापनों में प्रचार गलत

प्रिवेंटिव हेल्थ कनसल्टेंट का कहना है कि रोज अंडे खाने की बात भ्रामक है। ऐसे विज्ञापनों से लगता है सेहत के लिए अंडा ही सब कुछ है बाकी चीजें नहीं। अंडे से बहुत ज्यादा फैट व चिकनाई मिलती है, जो कोलेस्ट्रॉल, दिल के दौरे, हाई बीपी और शुगर की तरफ धकेल सकता है। आजकल हर आदमी पूरी तरह स्वस्थ नहीं है, इसलिए डॉक्टर से पूछ कर ही अंडे लें।

## ज्यादा कैलोरीज की जरूरत नहीं

अंडे में जितनी हाई कैलोरीज व कार्बोहाइड्रेट होती है, उतनी शरीर को जरूरत नहीं होती। अंडे को दवाई भी नहीं माना जा सकता। जितनी एनर्जी यह देता है, इससे तो शरीर को नुकसान ही होगा। अंडे से शरीर का अननेचरल विकास होने से शरीर अधिक बेडौल हो सकता है। किडनी व हार्ट के लिए तो नुकसानदायक है ही। अंडे से कार्य करने की क्षमता सिर्फ क्षणिक तौर पर बढ़ी हुई लगती है, पर स्टेमिना नहीं बढ़ता। फार्मिंग से आए अंडे तो केमिकल की वजह से ज्यादा दूषित या जहरीले हो जाते हैं। गर्मियों में पाचन वीक होता है। ऐसे में सामान्य तौर पर ज्यादा कैलोरी व गरिष्ठ होने के कारण अंडे और ज्यादा नुकसानदायक हैं।

### एक अंडे में प्रोटीन

कैलोरीज - 78 एमजी
कोल- 78 एमजी
सोडियम - 62 एमजी
(इससे बीपी व हार्टबीट बढ़ सकती है)
फैट- 5.3 ग्राम
प्रोटीन- 6 ग्राम
फ्राइड किए जाने पर अंडे में कैलोरीज-100 और बढ़ जाती है।

## दालों में भरपूर प्रोटीन

विशेषज्ञ कहते हैं कि प्रोटीन के लिए तो सभी तरह की दालें, पनीर व दूध से बनी चीजें अंडे का विकल्प होती हैं। अंडों की जगह उनका इस्तेमाल करें। दूध या स्किम्ड मिल्क, मूंगफली, ड्राई फ्रूट में अखरोट, बादाम, काजू व हरी सब्जियां, दही, सलाद और फल भी ले सकते हैं। जीव-जंतुओं से प्राप्त भोजन से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है, जबकि पेड़-पौधों से मिलने वाले भोजन से नहीं बढ़ता।



## कौन खा सकता है अंडे

डॉक्टरों का कहना है कि बिना जरूरत के अंडे खाना लकवे, नपुंसकता, पैरों में दर्द, कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना, मोटापे और हार्ट की आर्टरीज में ब्लॉकेज को न्यौतना है। नॉर्मल लोग भी खाएं तो हर छह महीने पर कोलेस्ट्रॉल की जांच कराते रहें। हां, जिसको हाई प्रोटीन डाइट की जरूरत हो वे अंडा ले सकते हैं, पर वह भी तब, जब वे पहले से अंडा खाते आ रहे हों। कम वजन वालों, बीमारी के बाद बहुत कमजोर हो गए और टीबी के मरीजों को प्रोटीन की जरूरत होती है, उन्हें खाने के लिए बताया जा सकता है। आम स्वस्थ व्यक्ति के लिए भी डॉक्टर की राय से ही एक अंडा रोज खा सकते हैं।



## आम आदमी रोज अंडा नहीं खाएं

वैसे, आम आदमी को अंडा नहीं खाना चाहिए, क्योंकि एक प्रतिशत कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से दो प्रतिशत हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है। शुगर या मधुमेह, हाई बीपी, हार्ट पेशेंट्स, मोटापे से पीड़ित और कोलेस्ट्रॉल के रोगियों को डॉक्टर ही जांच के बाद बता सकता है कि उनके शरीर को अंडों की जरूरत है या नहीं।

## अंडे में अमीनो एसिड अधिक

अंडे में सेलीनियम, बीटा केरोटीन और लेसिथिन जैसे अमीनो एसिड होते हैं, जो एंटी ऑक्सीडेंट का काम करते हैं। हार्ट को प्रोटेक्ट करने के लिए अच्छे हैं, परन्तु एक तो अंडे से मिलने वाले कोलेस्ट्रॉल के मुकाबले में ये एसिड इतने कम होते है कि हार्ट को ज्यादा सुरक्षा दे नहीं पाते, दूसरे ये तभी काम कर पाते हैं, जबकि व्यक्ति में कोलेस्ट्रॉल और बाकी लेवल नॉर्मल हों।

## बढ़ जाता है यूरिक एसिड


पालक, पनीर, मीट, मटर व दालों आदि प्रोटीन के सभी स्रोतों में यूरिक एसिड ज्यादा होता है। अगर डॉक्टर कोलेस्ट्रॉल और यूरिक एसिड लेवल सही घोषित करके बताये कि आपको प्रोटीन की जरूरत है, तभी अंडे लें वरना कोलेस्ट्रॉल और यूरिक एसिड के अंदर ही अंदर बढ़ने का पता भी नहीं चलेगा। ऐसा तो नहीं है कि एक व्यक्ति दिन में सिर्फ एक अंडा ही खाएगा। उसके भोजन में और चीजें भी शामिल होंगी, उनसे भी कैलोरीज व कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ेगा।

## सफेद भाग खाना अच्छा

अंडे का सफेद भाग ही खाना ठीक है, क्योंकि उसमें प्रोटीन होता है। एक अंडे में 80 कैलोरीज होती हैं, 50 पीले हिस्से में और 30 सफेद में। 40 से ज्यादा उम्र के लोग अंडे का पीला हिस्सा या योक न खाएं, क्योंकि उसी में कैलोरीज, फैट व कोलेस्ट्रॉल ज्यादा होने के कारण सेहत की समस्याएं हो सकती हैं, जबकि सफेद हिस्से में प्रोटीन ही होता है।

# ये आहार नहीं बढ़ने देंगे आपका वजन

**संतुलित वजन यानी स्वस्थ शरीर। इसलिए वजन कम रखने की चाहत हर किसी की होती है। कुछ लोग डायटिंग और एक्सइरसाइज की मदद से अपना वजन तो कम करते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद उनका वहीं पुराना हाल हो जाता है। कम हुआ वजन दोबारा से न बढ़े इसके लिए जरूरी है संतुलित आहार और सही जानकारी।**



वजन घटाने वाले आहारआपको यह जानकारी होनी चाहिए कि किस प्रकार का आहार आपके कम हुए वजन को बरकरार रखने में मददगार साबित होगा। यदि आप भी वजन को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो सबसे पहले रेस्टोरेंट आदि के खाने से बचना चाहिए। इस लेख के जरिए हम आपको बता रहे हैं अपनी डायट में शामिल करने वाले ऐसे आहारों के बारे में जिनसे शरीर को प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा तो मिलेगी ही और आपका वजन भी नियंत्रित रहेगा।

## अंडा

अंडे में भरपूर मात्रा में प्रोटीन होती है। इसका सेवन आपको लंबे समय तक भोजन की जरूरत से दूर रखता है। अंडा खाने से ब्लड शुगर होने का खतरा भी कम रहता है। ब्लड शुगर वाले रोगियों को खाने की तीव्र इच्छा होती है। सामान्य से अधिक वजन वाली 30 महिलाओं पर किए गए अध्ययन से साफ हो चुका है नाश्ते में कोर्नफ्लैक्स खाने वाली महिलाओं के मुकाबले अंडा खाने वाली महिलाओं ने अगले 36 घंटे तक भोजन का कम मात्रा में सेवन किया। अंडे का सेवन आपको लंबे समय तक भूख से राहत देता है।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी का सेवन वजन कम करने वाले तरल पदार्थ के रूप में किया जाता है। एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण ग्रीन टी वसा को तेजी के साथ कम करने में मदद करती हैं। यह बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को सही रखने के साथ ही एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को भी कम रखती है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल या बेड कोलेस्ट्रॉल की मौजूदगी से शरीर का वजन बढ़ता है।

## सलाद

लंच के साथ सलाद खाने से कैलोरी की मात्रा नियंत्रित रहती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक सलाद के सेवन से आपको भूख कम लगती है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी, विटामिन ई, फोलिक एसिड और लाइकोपीन होता है। इन सभी की मौजूदगी शरीर पर चर्बी जमने से रोकती है।

## मसूर की दाल

मसूर की दाल के सेवन से भी व्यक्ति मोटापे से बचा रहता है। इसे खाने से शरीर में इन्सुलिन की पर्याप्त मात्रा बनी रहती है। बाजार में मसूर की दाल कई तरह की आती है, लेकिन लाल और पीली दाल 15 से 20 मिनट में तैयार हो जाती है। इसे यदि पास्ता सॉस के साथ पकाया जाएं तो यह हार्ट के लिए भी फायदेमंद होती है।

## अनार

अनार का जूस आपको हर तरह से स्वस्थ बनाता है। इसमें कम कैलोरी और फाइबर की अधिक मात्रा होती है। इसके सेवन से शरीर में एनर्जी आती है और भूख का कम अहसास होता है।

## सेब

वजन को नियंत्रित करने के लिए सेब का सेवन बहुत ही फायदेमंद है। यदि आप नियमित तौर पर एक सेब खाने की आदत बना लेते हैं तो यह आपके वजन को तो कंट्रोल करेगा ही, साथ ही आपको फिट भी रखेगा।

## सूप

एक कप चिकन सूप पीने से चिकन पीस खाने के बराबर एनर्जी मिलती है। चिकन सूप पीने से भूख का अहसास कम होता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इसी कारण इसे पीने के बाद व्यक्ति खाने की तरफ कम भागता है।

## बीन्स

बीन्स का सेवन वजन कम रखने में बहुत मददगार है। बीन्स में फाइबर पाया जाता है। शरीर में फाइबर की मात्रा बने रहने पर भूख का अहसास कम होता है। फाइबर ज्यादा मात्रा में होने पर कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी कम रहती है।

# फ्रेंचबीन से फटाफट सेहत

**बीन्स एक ऐसी सब्ज़ी है जो कि अमेरिकन, मेक्सिकन, चाईनीज़, जापानी, उत्तरी व दक्षिणी भारतीय, यूरोपियन आदि तरह के भोजन में सामान्यतः मिलती है। आप सलाद लें या स्टारटर्स, सूप से लेकर बर्गर टिक्की तक हर जगह बीन्स (फलियां) किसी न किसी रूप में आपको नजर आ जाएंगी।**



**सूखी व हरी** दोनों ही प्रकार की बीन्स भोजन का एक आवश्यक व पौष्टिक हिस्सा हैं। बीन्स बीमारी को ठीक करने के बहुत काम आती है। बीन्स की हरी पौध सब्जी के रूप में खाई जाती है तथा सुखाकर इसे राजमा, लोबिया इत्यादि के रूप में खाया जाता है। अमेरिका तथा अफ्रीका के कुछ भाग में तो बीन्स को प्रोटीन का मुख्य स्रोत माना जाता है। हरी बीन्स या सामान्य भाषा में फ्रेंच बीन्स में मुख्यतः पानी, प्रोटीन, कुछ मात्रा में वसा तथा कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन, थायमीन, राइबोफ्लेविन, नियासीन, विटामिन-सी आदि तरह के मिनरल और विटामिन मौजूद होते हैं।

## कोशिकाओं के लिए फायदेमंद

राइबोफ्लेविन को विटामिन बी-2 के नाम से यादा जाना जाता है, विटामिन बी-2 शरीर की कोशिकीय प्रक्रियाओं के लिए बहुत ही आवश्यक घटक है। बीन्स विटामिन बी-2 का मुख्य स्रोत होते हैं। प्रति सौ ग्राम फ्रेंच बीन्स से तकरीबन 26 कैलोरी मिलती है। राजमा में यही सब ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। इसलिए प्रति सौ ग्राम राजमा से 347 कैलोरी मिलती है। बीन्स सोल्युबल फाइबर का अच्छा स्रोत होते हैं और इस कारण हृदय रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद हैं।

ऐसा माना जाता है कि एक कप पका हुआ बीन्स रोज खाने से रक्त में कोलेस्टेरोल की मात्रा 6 हफ्ते में 10 प्रतिशत कम हो सकती है और इससे हृदयाघात का खतरा भी 40 प्रतिशत तक कम हो सकता है। बीन्स में सोडियम की मात्रा कम तथा पोटेशियम, कैल्सियम व मेग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है और लवणों का इस प्रकार का समन्वय सेहत के लिए लाभदायक है। इससे रक्तचाप नहीं बढ़ता तथा हृदयाघात का खतरा टल सकता है।



## शकर का स्तर नहीं बढ़ता

बीन्स का ग्लाइसेमिक इन्डेक्स कम होता है इसका अभिप्राय यह है कि जिस तरह से अन्य भोज्य पदार्थों से रक्त में शकर का स्तर बढ़ जाता है, बीन्स खाने के बाद ऐसा नहीं होता। बीन्स में मौजूद फाइबर रक्त में शकर का स्तर बनाए रखने में मदद करते हैं। और बीन्स की इस खासियत की वजह से मधुमेह के रोगियों को बीन्स खाने की सलाह देते हैं।

## किडनी में लाभकारी

किडनी में पथरी के लिए 60 ग्राम बीन्स की पौध लेकर इसे चार लीटर पानी में चार घंटे तक उबाल लें। फिर इसके पानी को कपड़े से छान लें और छने हुए पानी को करीब आठ घंटे तक ठंडा होने के लिए रख दें। अब इसे फिर से छान लें। दिन में दो-दो घंटे से पीयें। लाभ होगा।



# मौसम करे बीमार रसोई करे उपचार

*बीते दिनों* मौसम में काफी बदलाव देखने को मिला। आंधी, बारिश और हल्की ठंडक ने हमारी दिनचर्या के साथ सेहत को भी खराब किया। किसी का गला बैठ गया तो किसी को जी मिचलाने की शिकायत होने लगी। क्या आप जानते हैं कि ऐसी छोटी-मोटी मौसमी शिकायतों के समाधान आपकी रसोई में मौजूद हैं। जब भी मौसम बदलने के कारण आपका पाचन तंत्र गड़बड़ाए, आपको जी मिचलाने या उल्टी की शिकायत महसूस हो तो आप दालचीनी और अदरक का सेवन करके राहत पा सकते हैं। अदरक जी मिचलाने की सबसे कारगर दवा मानी जाती है। जबकि दालचीनी उल्टी रोकने के लिए बेहतरीन घरेलू दवा है। अगर आप इन्हें सीधे-सीधे न खा सकें तो एक कप गर्म पानी में उबाल कर इनका सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा सौंफ भी आपको इन बीमारियों से निजात दिला सकती है।

## सौंफ से फायदा

एक चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और सुखा कर खाएं। ये गले के लिए भी बेहतर है। अगर गले या सीने में कंजेशन जैसा महसूस हो तो भी सौंफ आराम दिला सकती है। सौंफ के साथ अजवाइन भी आराम पहुंचाती है।

## अजवाइन

गर्म अजवाइन को सीने पर लगाने से भी कंजेशन खत्म होता है। मूली में नमक और चीनी मिला कर खाने से भी इस बीमारी में आराम मिलता है।

## नमक

अगर जुकाम की वजह से नाक बंद हो गई हो तो गुनगुने पानी में नमक मिला कर इसकी कुछ बूंदें नाक में डालें। नाक की सफाई के लिए ये बढ़िया उपाय है।

## शहद

अगर पेट में भारीपन की शिकायत हो तो एक चम्मच शहद में एक चम्मच नींबू का रस मिला कर पीने से आराम मिलेगा। अगर पेट खराब होने का अंदेशा हो तो दूध में हल्दी मिला कर पीने से आराम मिल सकता है। अगर सोते समय ठंड लगने की शिकायत महसूस हो तो लौंग, नींबू का रस गर्म पानी में मिला कर पिएं और सो जाएं। ठंड महसूस नहीं होगी।



# मुझे भाबीजी घर पर हैं का नाम पसंद नहीं आया: सौम्या टंडन

हाल ही छोटे परदे की अभिनेत्री सौम्या टंडन ने 'भाबीजी घर पर हैं' शो छोड़ने को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने ये भी खुलासा किया कि उन्हें पहले शो का टाइटल बिल्कुल भी पसंद नहीं आया था। इस वजह से उन्होंने शुरुआत में साफ मना कर दिया था। सौम्या टंडन ने कहा, 'जब मुझे शो ऑफर हुआ तो मुझे नाम पसंद नहीं आया। मैंने कहा पागल हो गए हो। प्लीज मुझे भाभी मत कहो। मैं काफी समय तक शो रिजेक्ट करती रही क्योंकि मुझे टाइटल अच्छा नहीं लगा। 6-7 महीने तक लगातार रिजेक्ट करने के बाद मैंने कहा कि मुझे नॉन फिक्शन शो चाहिए और फिर मैंने डांस इंडिया डांस के लिए 4 साल तक काम किया। मैं डेली शॉप्स नहीं करना चाहती थी।'सौम्या टंडन ने कहा, 'फिर मैंने 'भाबीजी घर पर हैं' के लिए हामी भर दी। जब शो में काम शुरू किया तो मैंने अपने बॉयफ्रेंड से कहा कि मुझसे गलती हो गई। मेरा करियर खत्म हो गया। मैं भाभीजी बनकर ही मरूंगी। यहां तक कि शो शुरू होने से एक हफ्ते पहले मैंने मेकर्स से पूछा कि अगर में शो छोड़ना चाहूं तो उन्होंने कहा कि हम आप पर मुकदमा कर देंगे। फिर मैंने आखिरकार शूटिंग शुरू कर दी और मुझे एहसास हुआ कि यह एक शानदार शो है और इसे बहुत अच्छे से लिखा गया है। मेरे डायरेक्टर शानदार थे। को-स्टार्स के तौर पर अच्छे लोग मिले। इसलिए मैंने सोचा कि यहां पर सीखने के लिए बहुत कुछ है और फिर बहुत मजा आया। इस तरह शो में कई साल निकल गए।' जब कई साल बाद सौम्या टंडन ने 'भाबीजी घर पर हैं' शो छोड़ने का फैसला किया तो मेकर्स ने उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की थी, लेकिन वह नहीं मानीं।

उन्होंने बताया, 'मेकर्स ने मुझसे कहा कि मत जाओ। इस तरह पैसा कमाना आसान नहीं है। आपका शो बहुत पॉपुलर है। लेकिन पैसे मुझे एक्साइट नहीं कर रहा था। मैंने सोचा कि एक ही लाइफ है और मुझे अलग-अलग तरह की चीजें करनी हैं। कॉटेंट के लिहाज से बाहर भी बहुत सारी दिलचस्प चीजें हो रही थीं। पहले टीवी और फिल्मों के बीच बड़ा अंतर था। लेकिन अब एक्सप्लोर के लिए कई सारे प्लेटफॉर्म्स हैं। मैं खुद को एक्सप्लोर करना चाहती थी।' बता दें कि टीवी एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने पॉपुलर शो 'भाबीजी घर पर हैं' से खूब नाम कमाया है। अनीता भाभी का रोल निभाकर वह घर-घर फेमस हो चुकी हैं। हालांकि, कुछ समय पहले ही सौम्या टंडन ने शो को अलविदा कह दिया था।



# 72 वर्ष की उम्र के बावजूद जीनत अमान की फिल्मों में वापसी

भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान अब 72 साल की उम्र में एक बार फिर पर्दे पर वापसी कर रही हैं। सिने गलियारों से खबर मिली है कि गुजरे जमाने की ख्यातनाम अभिनेत्री जीनत अमान अभिनय में वापसी करने जा रही हैं। इस बात की जानकारी निर्माता मनीष मल्होत्रा ने दी है। बताया जा रहा है कि जीनत अमान बन टिक्की नाम से बन रही फिल्म से वापसी करने जा रही हैं। जीनत अमान के साथ इस फिल्म में शबाना आजमी और अभय देओल नजर आने वाले हैं। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तीनों स्टार्स की एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म की जानकारी सभी को दी है। इंस्टा पर मनीष मल्होत्रा ने लिखा, द ग्रेट शबाना आजमी और जीनत अमान दोनों का मैं बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं, उनकी फिल्मों से लेकर उनके गानों से लेकर उनके कपड़ों तक, वे एक-दूसरे से बहुत अलग हैं और दोनों के पास यादगार फिल्में हैं, जो हम सभी को पसंद हैं।

उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि वे दशकों के बाद हमारे दूसरी प्रोडक्शन फिल्म बन टिक्की के लिए एक साथ आ रही हैं। यह एक संवेदनशील फिल्म है, जिसे फराज आरिफ अंसारी द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। दोनों के साथ फिल्म में अभय देओल भी नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग इस महीने शुरू होने जा रही है।

# विवादों में फंसी फिल्म फाइटर, एयर फोर्स विंग कमांडर ने भेजा नोटिस

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म फाइटर एक बड़े विवाद में फंस गई है। इस फिल्म में एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म के एक सीन में ऋतिक और दीपिका एयर फोर्स की यूनिफॉर्म पहने एक दूसरे को किस करते दिखाया गया था। अब इंडियन एयर फोर्स के असम में पोस्टेड विंग कमांडर सौम्यदीप दास ने इस सीन पर आपत्ति जताते हुए स्टार कास्ट और डायरेक्टर को नोटिस भेजा है। विंग कमांडर दास का कहना है कि किसिंग सीन में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण का एयर फोर्स की यूनिफॉर्म का अपमान है। उनका कहना है कि एयर फोर्स की यूनिफॉर्म सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं है, बल्कि ये हमारे देश की रक्षा के लिए त्याग, अनुशासन और अटूट समर्पण की निशानी है। सीन में एक्टर्स को इंडियन एयर फोर्स के सदस्य के रूप में देखा जा सकता है। उनका यूनिफॉर्म में ये हरकत करना सरासर गलत है।

फोर्स के लीगल नोटिस में कहा गया है कि इस पवित्र प्रतीक का इस्तेमाल फिल्म में रोमांटिक एंगल दिखाने के लिए करना गलत है। ये हमारे देश की सेवा में अनगिनत जवानों द्वारा किए गए बलिदान की गरिमा का अवमूल्यन करता है। साथ ही ये यूनिफॉर्म में खराब व्यवहार को सामान्य बनाता है, जो हमारी सीमाओं की सुरक्षा करने वालों को सौंपी गई जिम्मेदारी के खिलाफ खतरनाक मिसाल कायम करता है। नोटिस में आगे कहा गया है कि एयर फोर्स की यूनिफॉर्म पहने अफसरों का यूं पब्लिक में रोमांटिक होना सिर्फ नियमों का उल्लंघन ही नहीं है, बल्कि उनके किरदारों और प्रोफेशनल व्यवहार को भी गलत तरीके से दिखाता है। विंग कमांडर सौम्यदीप दास ने फाइटर के मेकर्स से इस सीन को हटाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने जवानों से दुनिया के सामने माफी मांगने की बात भी कही।







# फिल्म द क्रू रीलिज होगी गुड फ्राइडे के मौके पर

फिल्म द क्रू गुड फ्राइडे के मौके पर रीलिज होगी। फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान, कृति सेनन और दिलजीत दोसांझ प्रमुख भूमिका में है। वहीं कपिल शर्मा भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आने वाले है। बालाजी मोशन पिक्चर्स की बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क गुड फ्राइडे के मौके पर अपनी एक ग्रैंड कमिर्शियल एंटरटेनर के साथ गर्मियों के शुरुआती दिनों में हम सभी को एंटरटेन करने के लिए तैयार है। इसी के साथ कुछ ही दिनों में एक पोस्टर के साथ फिल्म के नए टाइटल की अनाउंसमेंट भी कर दी जाएगी। दरअसल एकता आर कपूर और रिया कपूर ने अपनी अगली फिल्म द क्रू के लिए नई रिलीज डेट फाइनल कर ली है जो 29 मार्च 2024 है।

इसी के साथ मेकर्स द क्रू के एक बिल्कुल नए टाइटल की घोषणा भी करेंगे और कुछ ही दिनों में एक नया पोस्टर भी लॉन्च करने की तैयारी में है। तो एविएशन की दुनिया में यात्रा के लिए खुद को तैयार कर लीजिए, जो खामियों और दुर्घटनाओं की कॉमेडी की एक रोलरकोस्टर राइड होगी जो आपको हंसाने के लिए एक माहौल सेट करती है। स्ट्रगलिंग एयरलाइन इंडस्ट्री के बैकड्राप पर बेस्ड यह फिल्म तीन वर्किंग महिलाओं के जीवन की यात्रा करेगी, जो कुछ अनुचित परिस्थितियों का सामना करती है और झूठ के जाल में फंस जाती हैं।


बता दें, इस फिल्म की शूटिंग मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर मार्च 2023 में शुरू की थी। अब आखिरकार वे फिल्म की नई रिलीज़ डेट, 29 मार्च 2024 के साथ एक और एक्साइटिंग घोषणा के साथ सामने आ चुके है। ये फिल्म एकता आर कपूर और रिया कपूर का तीसरा सहयोग है। वहीं फिल्म की न्यू रिलीज़ डेट की घोषणा ने वास्तव में फिल्म के लिए दर्शकों के उत्साह को बढ़ा देती है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज का काउंटडाउन भी शुरू हो गई है और इस बीच लोगों को अब द क्रू के नए टाइटल का इंतजार रहेगा! एकता आर कपूर और रिया कपूर की गतिशील जोड़ी को एक बार फिर से साथ लाते हुए, यह विशाल और दिलचस्प कहानी यकीनन एक बड़े कमर्शियल फिल्म के लिए नए स्टैंडर्ड सेट करेगी।

द क्रू बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क के लिए एक बड़ी रिलीज होने जा रही है और 29 मार्च 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। तब्बू, करीना कपूर खान, कृति सेनन, दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा की स्पेशल अपीयरेंस के साथ यह फिल्म निश्चित रूप से दर्शकों को सुपर एक्साइट करने वाली है। राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित, फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में विभिन्न लोकेशन्स पर की गई है, जिसमें से ज्यादातर शूटिंग मुंबई में हुई है।

# देशभक्ति फिल्म 'द बुल के लिए कड़ी मेहनत कर रह चुलबुल पांड़े

सुपरस्टार सलमान खान तीन दशक से भी ज्यादा समय से फैंस का मनोरंजन कर रहे हैं। भले ही वे 58 साल के हो चुके हैं, लेकिन लोगों के बीच आज भी उनका क्रेज बना हुआ है। वहीं सलमान भी उन्हें निराश नहीं करते और पूरी गर्मजोशी से मिलते हैं। हाल ही सलमान के कुछ फैंस उनसे उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट में मिले और ये तस्वीरें और वीडियो उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किए। तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि सलमान ने जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उनके इस रूप को देख फैंस हैरान हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने विष्णुवर्धन के डायरेक्शन वाली देशभक्ति फिल्म 'द बुल' के लिए काफी मेहनत की है और वे कठोर प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं। फिल्म में सलमान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा का किरदार निभा रहे हैं। 25 साल बाद सलमान और करण जौहर इस फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं।






# दिल को छू लेने वाली कहानी है फिल्म ब्लैक की

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने कहा, संजय लीला भंसाली की जीवंत प्रतिभा और उनकी अवधारणा और अहसास की सुंदरता में अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक को रिलीज हुए आज 19 साल हो गए हैं। बालीवुड फिल्म निर्माता भंसाली की फिल्म ब्लैक के नेटफ्लिक्स पर पहले डिजिटल प्रीमियर के मौके पर बिग बी ने कहा कि यह एक ऐसी टाइमलेस फिल्म है जिसे दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जाता है। फिल्म में विजनरी फिल्म मेकर की बेजोड़ नजर, सिनेमेटिक ब्रिलियंस, और कहानी सुनाने का शानदार तरीके का उद्धरण भी देखने मिलता है। ब्लैक के रिलीज के लगभग 20 साल बाद भी, दर्शक फिल्म से अपना जुड़ाव महसूस करते हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज और रानी मुखर्जी जैसी बेहद टैलेंटेड एक्ट्रेस को एक्टिंग को आज भी दर्शकों द्वारा याद किया जाता है। फिल्म की श्रेष्ठता सच मे भंसाली की फिल्मों के बनाने के तरीके का सबूत है, जिसमें वे एक दिल को छू लेने वाली कहानी सुनाते हैं जो मानव भावनाओं की जटिलताओं में गहराई से उतरती है। फिल्म को 19वीं एनिवर्सरी मनाते हुए, मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, टी 4910 – संजय लीला भंसाली की जीवंत प्रतिभा और उनकी अवधारणा और अहसास की सुंदरता में। इसके अलावा, रानी मुखर्जी ने आगे इस बारे बात करते हुए कहा है, एक अभिनेता और एक व्यक्ति के रूप में ब्लैक का मेरे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। सबसे आसान कामों के लिए भी साइन लैंग्वेज का इस्तेमाल करने की चुनौतियाँ एक बहुत बड़ा सीखने का अनुभव था और बहुत दिल को छूने वाली भी... ब्लैक हमेशा मेरे लिए बहुत खास रहेगा, क्योंकि इसने मुझे जीवन के बारे में और उसके लिए शुक्रगुजार होने के बारे में बहुत कुछ सिखाया। अमित अंकल के साथ काम करना बिना किसी शक मेरे जीवन के सबसे यादगार पलों में से एक था.. उनके साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने में सक्षम होना और उन्हें अपना बेस्ट प्रदर्शन करते हुए देखने का मौका मिलना अपने आप में मेरे लिए एक मास्टरक्लास की तरह था।. और बेशक, मेरे पसंदीदा निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ काम करना..। मेरा मानना है कि ब्लैक एक फिल्म निर्माता के रूप में संजय के सबसे अच्छे कामों में से एक है! उन्होंने ब्लैक के साथ जो किया, वह कुछ ऐसा है कि आने वाले साल में अभिनेताओं, फिल्म लवर्स और दर्शकों की पीढ़ियाँ उनकी प्रतिभा को देख सकेंगी। ब्लैक मेरे लिए टेंट पोल फिल्मों में से एक रही है, जो हमेशा मेरे नाम के साथ जुड़ी रहेगी। मैं इस बात से सबसे ज्यादा खुश हूं कि आखिरकार यह बेस्ट प्लेटफार्मों में से एक पर रिलीज हो रही है और जो लोग इसे देखने से चूक गए थे, वे अब एक बटन के क्लिक पर काले रंग का जादू देख पाएंगे।

टुडम!!!卐अब, जैसे ही ब्लैक नेटफ्लिक्स पर अपनी जगह बना रही है, यह नई पीढ़ी के दर्शकों के लिए इस सिनेमेटिक जेम के जादू का अनुभव करने का एक शानदार मौका है। नेटफ्लिक्स पर 19वीं एनिवर्सरी की ग्रैंड रिलीज न सिर्फ फिल्म के महत्व को श्रद्धांजलि देती है, बल्कि भारतीय सिनेमा के उस्ताद के रूप में संजय लीला भंसाली की विरासत की पुष्टि करती है, साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि इसका असर दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचे। भंसाली की ब्लैक टाइम (यूरोप) में टेन बेस्ट मूवीज ऑफ द ईयर 2005 में दुनिया भर की फिल्मों के बीच पांचवें स्थान पर रही।

## दिल्ली के गांधी नगर में फर्नीचर की दुकान में लगी आग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर बाजार में लकड़ी के सामान की एक दुकान में शनिवार सुबह आग लग गयी। दमकल सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे सूचना प्राप्त होने के बाद दमकल की चार गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान एक घंटे तक जारी रहा और साढ़े 11 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

## दिल्ली में पारा गिरकर 5.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

नई दिल्ली। दिल्ली का न्यूनतम तापमान शनिवार को 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से पांच डिग्री कम है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने आज आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। उसने बताया कि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है और सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 238 दर्ज किया गया जो कि खराब श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## पश्चिमी दिल्ली के एक पार्क में नाबालिग का शव मिला

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके के एक पार्क में शनिवार को एक नाबालिग की शव मिला। उसके शरीर पर गंभीर घाव के निशाने थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 8-45 बजे राजौरी गार्डन थाने में एक पीसीआर कॉल आई। जिसमें बताया गया कि पार्क में एक युवक बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने पाया कि व्यक्ति मृत है। पश्चिम दिल्ली के डीसीपी विचित्र वीर ने कहा, 'मृतक के शरीर पर किसी नुकीली चीज से लगे चोटों के निशान थे। अपराध और एफएसएल टीमों को मौके पर बुलाया गया।' डीसीपी ने कहा, 'मृतक की पहचान आलोक माथुर के रूप में हुई है। कई टीमें जांच के तकनीकी पहलुओं पर काम कर रही हैं।' डीसीपी ने कहा, 'हम अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए मृतक के परिवार के सदस्यों और दोस्तों से भी बात कर रहे हैं।'

## दिल्ली में स्कूटी सवार बदमाशों ने 50 लाख लूटे

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में एक निजी कंपनी के कैश कलेक्शन एजेंट से स्कूटी सवार दो लोगों ने 50 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात 9-30 बजे सिविल लाइंस थाने के पुलिस कंट्रोल रूम में (पीसीआर) कॉल आई, जिसमें मोनेस्ट्री मार्केट के पास एक फ्लाईओवर पर डकैती की जानकारी दी गई थी। कॉल करने वाले के अनुसार, खजूरी खास निवासी राजेश अपनी स्कूटी से अपने घर जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। राजेश ने बताया कि जब वह फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तभी दूसरी स्कूटी पर सवार दो लोग उसके पीछे आ गए और चिल्लाकर उसकी गाड़ी अचानक रोक दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके मीणा ने कहा, इसी दौरान अपराधियों ने 50 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया, जिसे राजेश ने अपने पैरों के पास रखा था। पता चला कि यह नकदी नेताजी सुभाष प्लेस स्थित एक प्लास्टिक पेलेट व्यवसायी की थी। अधिकारी ने कहा, 'डकैती से पहले, एजेंट एक व्यावसायिक कार्य पर था। वह राणा प्रताप बाग और चांदनी चौक सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर रहा था।' पुलिस ने घटना के संबंध में सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है।

## दिल्ली की बहादुर बेटी : ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा से मोबाइल झपटा, मचाया शोर... किया पीछा ; एक दबोचा

नई दिल्ली। आदर्श नगर इलाके में 15 साल की छात्रा ने बहादुरी दिखाते हुए झपटमारी कर स्कूटी से भाग रहे एक बदमाश को लोगों की मदद से दबोच लिया। पीड़िता की पहचान दीक्षा के रूप में हुई है। बाद में पकड़े गए बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया। उसका दूसरा साथी स्कूटी से कूदकर छात्रा का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बदमाश की तलाश कर रही है। दीक्षा परिवार के साथ मजलिस पार्क इलाके में रहती है। शुक्रवार दोपहर एक बजे वह मजलिस पार्क की गली नंबर-9 से ट्यूशन पढ़ने के बाद घर जा रही थी। तभी गली नंबर-8 में पीछे से आए स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। भागते बदमाश को देखकर दीक्षा शोर मचाते हुए उनके पीछे भागी। शोर सुनकर आस पास के लोग वहां आ गए। लोगों ने स्कूटी की पिछली सीट पर बैठे बदमाश को दबोच लिया। बदमाश मोबाइल को स्कूटी चला रहे अपने साथी को दे दिया। इसी दौरान स्कूटी चला रहा बदमाश स्कूटी से कूदकर वहां से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जहांगीरपुरी निवासी राहुल (22) के रूप में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके से बदमाशों की स्कूटी जब्त कर ली गई है। पुलिस राहुल से पूछताछ कर उसके साथी की पहचान कर ली है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## हत्या का सनसनीखेज खुलासा : शादी के दौरान रंजिश में किया गया था दो युवकों का कत्ल, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के वेलकम में शादी के दौरान रंजिश में दो युवकों को गोली मारने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनीष शर्मा (21), करन सिंह (29) और साजन मनीष (32) के रूप में हुई है। हत्या के मामले में पुलिस को सोनू चावला की तलाश है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल पिस्टल व दो कारतूस बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने गुरुवार तीनों को अदालत में पेश किया, जहां से इनको एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि चार फरवरी को वेलकम झील पार्क में संजय की बेटी का विवाह था। वहां पर वेलकम निवासी सुमित (29) और रिश्तेदार बुराड़ी निवासी राहुल (38) पहुंचे थे। इस बीच वहां आरोपियों ने पहले सुमित की पिटाई की। बाद में अक्षत ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी। एक गोली सुमित की गर्दन को छूती हुई निकली, जबकि दूसरी गोली राहुल के सीने में जा लगी। इलाज के दौरान बुधवार को राहुल की मौत हो गई। अब पुलिस ने गोली चलाने के आरोप में तीनों को दबोच लिया हैं। चौथे आरोपी सोनू चावला की पुलिस को तलाश है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि करन और सुमित के बीच रंजिश थी।

## 8 साल में 11 में से 5 पेमेंट बैंक बंद

नई दिल्ली (ईएमएस)। रिजर्व बैंक ने हाल ही में पेटीएम के खिलाफ कार्रवाई की है। 2016 में 11 कंपनियों को पेमेंट बैंक शुरू करने की अनुमति रिजर्व बैंक द्वारा दी गई थी। इसमें से पांच बैंक 8 साल के अंदर ही बंद हो चुके हैं। डिजिटल कंपनियों द्वारा पेमेंट बैंक शुरू किए गए। फंड की कमी और कम लेनदेन के कारण आमदनी कम हुई और खर्च ज्यादा हो गए। रिजर्व बैंक के नियमों का भी पालन पेमेंट बैंक द्वारा नहीं किया जा रहा था। जिसके कारण मात्र 8 साल में 11 में से पांच पेमेंट बैंक बंद हो गए हैं।

रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने पेमेंट्स बैंक खोलने के लिए 2015 में आवेदन मांगे थे। 41 कंपनियों ने आवेदन दिए थे। इनमें 11 बैंकों को रिजर्व बैंक की स्वीकृति मिली थी। सितंबर 2016 में पहला एयरटेल पेमेंट बैंक शुरू किया गया था। रिजर्व बैंक के नियमों का पालन नहीं करने और आर्थिक संकट के कारण चार बैंक पहले ही बंद हो चुके थे। पेटीएम द्वारा भी आर्थिक अनिमियता और हवाला कारोबार के आरोप में रिजर्व बैंक द्वारा रोक लगा दी गई है। इस तरह अभी तक पांच पेमेंट बैंक बंद हो चुके हैं।

# जेल में बंद महिलाओं के गर्भवती होने पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**–पश्चिम बंगाल की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जज ने मांगी रिपोर्ट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला जेल में पुरुषों की एंट्री नहीं होने के बावजूद भी महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं, इस पर चिंता जाहिर करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जज ने रिपोर्ट मांगी है। दरअसल पश्चिम बंगाल की जेलों में बंद महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस मामले की जांच करेगा। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल, जो जेलों की स्थितियों पर स्वतः संज्ञान मामले में न्याय मित्र हैं, से जेलों में गर्भधारण के मुद्दे की जांच करने और अदालत को रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिछले दिनों जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानुल्लाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में आखिरी सुनवाई की थी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सुधार गृहों में कैद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर संज्ञान लिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के मुद्दे की जांच करेगा क्योंकि हाल ही में यह बात सामने आई थी कि पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में लगभग 196 बच्चे पैदा हुए हैं। एमिकस क्यूरी ने गुरुवार को इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस सुप्रतिम भट्टाचार्य की खंडपीठ के सामने दो नोट रखे थे। पहले नोट के तीसरे पैरो को पढ़ते हुए कहा था, मीलॉर्ड, यह जानकर हैरानी होगी कि हिरासत में रहने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसके बाद जेलों में बच्चे भी पैदा हो रहे हैं। वर्तमान में 196 बच्चे पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में रह रहे हैं। पहले भी चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली खंडपीठ से गुजारिश की थी कि सुधार गृहों में तैनात पुरुष कर्मचारियों का महिला कैदियों के बाड़ों के अंदर प्रवेश तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।



# पीएम मोदी का विजन है देश में सुशासन बनाए रखना : बीवीआर सुब्रमण्यम

**–सुशासन महोत्सव के दूसरे दिन राज्य में सुशासन को बनाये रखने में योगदान पर हुई चर्चा**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा है कि पीएम मोदी का विजन देश में सुशासन बनाए रखना है। इसके लिए सभी जरूरी नीतियां बनाई जा रही हैं। बता दें कि यहां सुशासन महोत्सव के दूसरे दिन नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम पहुंचे। बीवीआर सुब्रमण्यम जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव रह चुके हैं। जिस वक्त जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई गई, उस वक्त पूरे राज्य में सुशासन को बनाये रखने में उनका अहम योगदान माना जाता है। इंटरव्यू सेशन में नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने भारत सरकार के आगामी दस सालों के विजन को सामने रखा। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। पिछले दस साल के दौरान देश के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आये हैं। इस साल के अंत तक हर घर तक पानी, बिजली की पहुंच हो जायेगी।



सत्र में बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि आज की तारीख में दुनिया की नजर हमारे पक्ष में है। अब हमें दुनिया के पटल पर भारत की उपस्थिति प्रमुख देश के तौर दिखानी है। हम अगर बड़ी सोच लेकर चलें तो हमारे लिए कोई भी चुनौती नहीं है। कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की यही सोच है। वो कहते हैं कि कमिटमेंट प्रमुख है, इसी से सुशासन आता है। इंटरव्यू सत्र में सबसे पहले किये गये इस सवाल के जवाब में बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि योजना आयोग 1950 में बना था। वह समाजवादी व्यवस्था की देन था। पांच सालों की योजना समाजवादी देशों में हुआ करती थी। सरकार के सारे बड़े खर्च की व्यवस्था योजना आयोग के हाथों में थी। छोटे खर्चे ही केवल वित्त विभाग के पास थे।

सुशासन की चुनौतियों को लेकर बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि केवल आइडिया या प्लानिंग ही काफी नहीं है। इसका क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती है। नेतृत्व करने वाले को सबसे पहले विषय का ज्ञान होना जरूरी है। उसे लाभ और नुकसान का आकलन करना चाहिये। किसी भी आइडिया और योजना को क्रियांवित करने के लिए साथ में काम करने वाले शख्स की क्षमता को परखना जरूरी है। पॉलिसी को क्रियांवित करने के लिए निचले स्तर तक लीडरशिप का मौका दिया जाना जरूरी है।

## एनडीएमसी के उपाध्यक्ष ने कनॉट प्लेस में एस्केलेटर का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने शनिवार को कनॉट प्लेस और उसके आसपास के विभिन्न सबवे में स्थापित एस्केलेटर का निरीक्षण किया। कनॉट प्लेस में आगंतुकों की दैनिक आमद पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री उपाध्याय ने सार्वजनिक सुविधा के लिए इन एस्केलेटर के महत्व पर जोर दिया। सार्वजनिक शिकायतों को स्वीकार करते हुए, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से स्थिति का आकलन किया, जिससे पता चला कि कनॉट प्लेस क्षेत्र में 22 एस्केलेटर की एक महत्वपूर्ण संख्या, सुपर बाजार, स्टेट्समैन हाउस, केजी मार्ग और जनपथ जैसी जगहों से जुड़ी हुई है, जिनमें से अधिकांश काम नहीं कर रहे हैं। निष्कर्षों के जवाब में, श्री उपाध्याय ने बिजली, नागर, सुरक्षा और सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए, त्वरित कार्रवाई करने और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का आग्रह किया। निरीक्षण में संबंधित विभाग के एसई, जेई और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नगर निकाय के प्राथमिक कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि आगंतुकों, निवासियों और एमटीए सदस्यों को गैर-कार्यात्मक एस्केलेटर से असुविधा न हो। श्री उपाध्याय ने इस बात पर जोर दिया कि नगर निकाय द्वारा प्रदान की जाने वाली किसी भी सुविधा के लिए परिचालन दक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## देश नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार: गजेंद्र यादव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा के गांव चलो बूथ चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा के नेता दिल्ली में गांव-गांव और बूथ बूथ जा रहे हैं इस अभियान में 24 घंटे तक पालक कार्यकर्ता अपने बूथ पर प्रवास करेंगे। अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव महरौली बूथ नंबर 123 में 24 घंटे का प्रवास शुरू किया प्रवास के दौरान व्यापारी समाज, वाल्मीकि समाज, के प्रमुख वोटर से मुलाकात कर संवाद किया तथा बूथ 123 की कार्यकारिणी के साथ पूर्ण निगम पार्षद आरती सिंह के कार्यालय पर बैठक करी प्रवास के दौरान वार्ड 2 गढ़वाल कॉलोनी स्थित शिव-हनुमान



मंदिर में दर्शन किया और स्थानीय पुजारी से मुलाकात करी इसी दौरान पुजारी ने बताया की दिल्ली सरकार मौलानाओं को सैलरी दे रही है लेकिन पुजारीयो को कोई सैलरी नहीं है जिसके जवाब में गजेंद्र यादव ने कहा हम लगातार दिल्ली मुख्यमंत्री के सामने यह मुद्दा उठा रहे हैं बूथ टोली की बैठक के दौरान गजेंद्र यादव ने कहा की देश का वोटर और भाजपा बूथ के कार्यकर्ता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं भाजपा शुरू से ही अपने बूथों को मजबूत बनाने का प्रयास पन्ना प्रमुख तक शक्ति देने का प्रयास करती है। स्थानीय लोग सभी बैठको में जय श्रीराम और मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते रहते। अभियान के दौरान पूर्व निगम पार्षद आरती सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन चौधरी, वाल्मीकि नेता सोहन सिंह, व्यापारी नेता मनोहर लाल अग्नपाल, भोले पंसारी, सतीश जावा, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर बैंसला बाबा, योगाचार्य रश्मि साथ में रहे।

## चार सौ के पार को साकार करने का प्रण ले कार्यकर्ता : आरती सिंह

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री एवं झारखंड महिला मोर्चा की अध्यक्षा आरती सिंह ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान चांदनी चौक जिला के गुलाबी बाग स्थित मुख्य कार्यालय पर जिले के महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन हितकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का प्रण दिलाया। श्रीमती सिंह ने कहा, कि इस बार चार सौ के पार की श्री मोदी की घोषणा को हर हालत में साकार किया जाएगा। उन्होंने कहा, कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने क्षेत्र के दस दस घरों की जिम्मेदारी लेकर भाजपा की नीति रीतियों को घर घर पहुंचाना है।

## मेट्रो स्टेशन...यहां सुरक्षा भगवान भरोसे, अधिकारियों ने गोकुलपुरी हादसे से नहीं लिया सबक



नई दिल्ली। गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन पर बृहस्पतिवार को हुए हादसे के बाद भी लापरवाही बदस्तूर जारी है। अमर उजाला संवाददाता ने शुक्रवार को कई मेट्रो स्टेशनों का जायजा लिया तो कई खामियां सामने आईं। ब्लू लाइन समेत दूसरे लाइनों के मेट्रो स्टेशनों पर इन दिनों मरम्मत का काम चल रहा है। इस दौरान कई जगह सुरक्षा उपकरण नहीं लगाए गए हैं। वहीं, कुछ स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए जाल व अन्य की व्यवस्था की गई है जो आधी-अधूरी है। ऐसे में हादसों की आशंका है। नवादा मेट्रो स्टेशन पर मरम्मत का काम चल रहा था। इसके लिए कुछ जगहों पर टूट-फूट होती दिखी, लेकिन इससे बचाव के लिए कोई जाल या उपकरण नहीं लगाए थे। जनकपुरी वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर भी मरम्मत का काम चल रहा था। यहां कुछ जगहों पर जाल लगा था, लेकिन सड़क के ऊपर से गुजर रहे काफी हिस्से पर कोई जाल नहीं लगा हुआ था। ऐसे में सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों पर खतरा बना हुआ था।

### तार में फंस रहे लोग पानी के पाइप टूटे

राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास पिलर नंबर 385 पर तार काफी बाहर निकला हुआ है। अक्सर जल्दी में सड़क पार करते हुए लोग इसमें फंस जाते हैं। वहीं, कई मेट्रो स्टेशनों पर बारिश के पानी की निकासी के लिए लगाए गए पाइप टूटे हुए हैं। इससे पानी सीधे सड़कों पर गिरता है जो दोपहिया चालकों को चोटिल कर देता है। कई बार पानी के भार के कारण पाइप नीचे भी गिर जाते हैं।

### आठ स्टेशनों तक खुला रहा आपातकालीन निकास द्वार

ब्लू लाइन पर एक मेट्रो शुक्रवार को आपातकालीन निकास द्वार खोलकर चली। इस दौरान राजौरी गार्डन से करोल बाग मेट्रो स्टेशन के बीच यह द्वार आठ स्टेशनों तक खुला रहा। मेट्रो में सफर कर रहे यात्रियों ने बताया कि सुबह करीब 11-08 बजे अचानक राजौरी गार्डन पर ट्रेन के पीछे स्थित आपातकालीन निकास द्वार खुल गया। इससे सभी यात्री डर गए और गेट से दूर हो गए। करोल बाग मेट्रो स्टेशन पर गेट बंद किया गया। यदि कोई व्यक्ति उस केबिन में जाकर मेट्रो के परिचालन को प्रभावित करता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

वहीं, इस घटना के संबंध में दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो जिस तरफ से चलती है उसी दिशा का केबिन काम करता है। ऐसे में यदि गेट खुला रहा जाता है तो कोई दिक्कत नहीं है। चालक की स्क्रीन पर इसकी सूचना होती है।

### पिंक लाइन के एलिवेटेड स्टेशनों पर लगे पैरापैट का होगा निरीक्षण

दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर गोकुलपुरी स्टेशन पर हुए हादसे के बाद मेट्रो प्रशासन सख्त हो गया है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने शुक्रवार को गोकुलपुरी में हुई घटना के संबंध में सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की।

प्रबंध निदेशक ने निर्देश जारी किए कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पिंक लाइन पर सभी एलिवेटेड स्टेशनों पर लगाए गए पैरापेट का विस्तार से निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी स्टेशन पर किसी सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है, तो उसे संबंधित स्थलों की स्थिति के आधार पर विस्तृत विधि विवरण बनाने के बाद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर स्टेशनों पर कोई सुधारात्मक कार्रवाई की जानी है, तो कार्य करते समय यात्रियों और लोगों को कम से कम असुविधा होनी चाहिए। सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियां पर्याप्त रूप से बरती जानी चाहिए।

### सभी लाइनों के स्टेशनों की हुई जांच

गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन हादसे में घायल हुए चारों मरीज जीटीबी अस्पताल से चले गए। डॉक्टरों का कहना है कि एक मरीज की हालत गंभीर थी। उसकी सर्जरी होनी थी, लेकिन उसने जीटीबी अस्पताल में सर्जरी करवाने से मना कर दिया। इसके अलावा दो अन्य मरीज भी अपनी मर्जी से चले गए। वे कम घायल थे, जबकि चौथे मरीज की अस्पताल से छुट्टी हो गई है।

# छात्र संघ चुनाव को लेकर देर रात हुई बैठक में हंगामा, एबीवीपी-वाम सदस्यों के बीच झड़प; कई को चोटें आईं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में छात्र संघ चुनाव कराने पर एक बैठक के दौरान एबीवीपी और वाम समर्थित समूहों के बीच शुक्रवार देर रात झड़प हो गई, जिसमें दोनों पक्षों ने दावा किया कि उनके कुछ सदस्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में जेएनयू प्रशासन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

जानकारी के मुताबिक, जेएनयूएसयू चुनावों के लिए चुनाव आयोग के सदस्यों का चुनाव करने के लिए परिसर में साबरमती ढाबा पर विश्वविद्यालय की आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) के दौरान छात्र समूह आपस में भिड़ गए। एबीवीपी ने आरोप लगाया है कि उनके सदस्यों पर हमला किया गया और उन्हें चोटें आई हैं। वहीं, डीएसएफ ने एबीवीपी के सदस्यों पर चुनाव प्रक्रिया बांधित करने का आरोप लगाया है।

इस मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें छात्रों को नारेबाजी के बीच बहस करते देखा जा सकता है और विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।

डीएसएफ ने एक बयान में कहा, '2023-2024 छात्र संघ चुनाव शुरू होने की जेएनयू प्रशासन की घोषणा के जवाब में, एबीवीपी ने प्रशासन के साथ मिलकर छात्रों द्वारा बुलाए गए यूजीबीएम को बाधित करने और जेएनयूएसयू चुनाव 2024 की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को रोकने के लिए मिलकर काम किया डीएसएफ, एबीवीपी के अलोकतांत्रिक व्यवहार की निंदा करता है! हम छात्र समुदाय से साबरमती ढाबा पर होने वाले यूजीबीएम में बड़ी संख्या में इकट्ठा होने और एबीवीपी के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करते हैं।'

एबीवीपी ने एक बयान में कहा सर्वदलीय ने यूनिवर्सिटी जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया, जो रात 9:30 बजे साबरमती मैदान में रखी गई थी। सबसे पहले वामपंथी जेएनयूएसयू ने माइक और साउंड कार्यकर्ताओं को जातिवादी गालियां दीं क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि एबीवीपी यूजीबीएम में भाग ले। इस पर कार्यकर्ताओं ने अपमानित महसूस किया और पीछे हट गए। हालांकि एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उनसे बात की और उन्हें माइक और साउंड नहीं ले जाने के लिए प्रेरित किया। जब वामपंथी नेतृत्व वाली पार्टियों (एआईएसए, एसएफआई, डीएसएफ और कई अन्य) ने देखा कि यूजीबीएम किसी भी तरह से होगा, तो उन्होंने यूजीबीएम को परेशान करने की कोशिश की। हालांकि एबीवीपी ने उनकी सभी रणनीति को विफल कर दिया। आखिरकार उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने उन शारीरिक विकलांग छात्रों को भी नहीं बख्शा जो एबीवीपी के समर्थक थे। उन्होंने बीए प्रथम वर्ष के फारसी छात्र दिव्यप्रकाश को बेरहमी से पीटा है। उन्होंने एमए प्रथम वर्ष के छात्र कन्हैया को भी पीटा है। एबीवीपी के कई समर्थक और छात्र भी घायल हुए हैं।



## आपातकालीन लैंडिंग के दौरान प्लेन ने उड़ा दी कार, दो की मौत

फ्लोरिडा । एक प्लेन की आपातकालीन लैंडिंग के दौरान शुक्रवार दोपहर को बड़ा हादसा हो गया। इसमें प्लेन ने कार को अपने पंखे की चपेट में ले लिया और कार परखच्चे उड़ गए। हालांकि इस दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम फ्लोरिडा में अंतरराज्यीय 75 पर एक छोटे विमान की आपातकालीन लैंडिंग के दौरान प्लेन एक वाहन से टकरा गया। ये क्रेश लैंडिंग पाइन रिज रोड के एक्जिट के पास हुई। इस गलि को एलीगेटर एली के नाम से जाना जाता है। लोगों का कहना है कि ये हादसा काफी भयानक था। उन्होंने देखा कि प्लेन का एक पंख हवा में उड़ता हुआ आया और अपने साथ एक गाड़ी को उड़ा ले गया। ये बिल्कुल मौत को छू कर निकलने जैसा था। हादसे वाले विमान की पहचान बॉम्बार्डियर चैलेंजर 600 जेट के रूप में हुई है। इस संबंध में फ्लोरिडा के उड्डयन प्रशासन का कहना है कि दोपहर करीब 3-15 बजे दुर्घटना के समय विमान में पांच लोग सवार थे। विमान ने दोपहर लगभग 1 बजे कोलंबस में ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। दुर्घटना के समय यह विमान नेपल्स में उतरने वाला था। एक पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध करते हुए टावर से संपर्क किया था और कहा था कि उनके दोनों इंजन खराब हो गए हैं। टावर से संपर्क टूट गया, और फिर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने कुछ ही मील की दूरी पर धुंआ देखा। पांच में से तीन लोगों को बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद कोलियर काउंटी शेरिफ प्रशासन का कहना है कि दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है लेकिन अभी इस बात में असमंजस की स्थिती है कि ये दो लोग प्लेन से थे या फिर प्लेन से टकराने वाली कार में थे। फ्लाइटअवेयर विमान ट्रैकर के अनुसार, विमान को फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा में हॉप-ए-जेट वर्ल्डवाइड चार्टर द्वारा संचालित किया जा रहा था।

## कांगो में बस और ट्रक-टक्कर में गई 18 लोगों की जान

किन्शासा । कांगो की राजधानी किन्शासा में एक सड़क हादसे में 18 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया ?कि यात्रियों से भरी एक बस ट्रक से टकरा गई है इसके बाद 18 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के संबंध में किन्शासा में किम्बनसेके नगर पालिका के महापौर अनादोलु एनगंगा ने कहा कि एन डिजिली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की ओर जाने वाले राजमार्ग पर यात्रियों से भरी हुई एक बस एक ट्रक से टकरा गई। इसके बाद सभी मृतकों के शवों को पास के अस्पताल के मुर्दाघर में ले जाया गया। इस हादसे में दो लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।

## रफह पर आक्रमण से पहले लोगों को निकालने का नेतन्याहू ने दिया आदेश

तेहरान । इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतान्याहू ने गाजा के रफह पर आक्रमण से पहले लोगों को वहां से निकालने का आदेश दिया है। इसके लिए उन्होंने सेना को संभावित इजराइली आक्रमण से पहले वहां से लोगों को निकालने की योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। मिस्र की सीमा पर स्थित शहर पर आक्रमण करने की इजराइल की योजना की अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बाद नेतन्याहू ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इजराइल का कहना है कि रफह हमास का आखिरी बचा हुआ गढ़ है और उसे हमास के खिलाफ अपनी युद्ध योजना को पूरा करने के लिए सेना भेजने की जरूरत है। लेकिन अनुमान है कि 15 लाख फलस्तीनी गाजा में अन्यत्र लड़ाई से बचकर शहर में आ गए हैं। नेतन्याहू ने कहा कि रफह में बड़े पैमाने पर अभियान चलाए जाने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों से एक दोहरी योजना पेश करने के लिए कहा है जिसमें नागरिकों की निकासी और हमास की शेष आतंकवादी इकाइयों को ध्वस्त करने के लिए एक सैन्य अभियान चलाना शामिल बताया जा रहा है।

## विरोध प्रदर्शन में दो लोगों की मौत, छह घायल

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन के दौरान दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि छह लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को पुलिस और राजनीतिक प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों नेबताया कि यह घटना शांगला जिले में हुई जहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि प्रदर्शन में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। गौरतलब है कि पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विरोध किया गया।

## बाइडेन ने स्कोल्ज से मुलाकात में यूक्रेन फंडिंग, गाजा युद्ध पर चर्चा की

वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ एक मुलाकात में यूक्रेन सहायता के लिए अमेरिकी फंडिंग के मुद्दों और गाजा संघर्ष पर चर्चा की है। व्हाइट हाउस ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया, 'श्री बाइडेन और श्री स्कोल्ज़ ने यूक्रेन के लिए अपने दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। राष्ट्रपति ने यूक्रेन की आत्मरक्षा में जर्मनी के अनुकरणीय योगदान की सराहना की और चांसलर ने निरंतर अमेरिकी समर्थन के महत्व पर जोर दिया।' दोनों नेताओं ने वाशिंगटन में आगामी उत्तरी अटंलाटिक संधि संगठन (नाटो) नेताओं के शिखर सम्मेलन की योजनाओं पर भी चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री बाइडेन और श्री स्कोल्ज़ ने गाजा युद्ध के कारण मध्य पूर्व में क्षेत्रीय वृद्धि को रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के लिए टिकाऊ शांति की शर्तें तय करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसमें इजरायल की सुरक्षा की गारंटी के साथ फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना शामिल है।

## कर्जदार को प्रताड़ित करने के दोषी भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के 47 वर्षीय व्यक्ति को कर्ज न चुकाने पर एक व्यक्ति को कपड़े उतारने तथा दाढ़ी और बाल मुंडवाने के लिए मजबूर करने के दोष में शुक्रवार को पांच महीने की जेल की सजा सुनायी गयी। नादेसन पिल्लई को सजा सुनाते वक्त जानबूझकर नुकसान पहुंचाने के आरोप को भी ध्यान में रखा गया। पिल्लई के भारतीय मूल के दो दोस्तों जय शॉन फर्नांडेज और जूड प्रभु दावियास पाथी पर भी आपराधिक धमकी का आरोप लगाया गया है। 'टुडे' समाचार पत्र ने शुक्रवार को बताया कि पिल्लई के एक मित्र ने पीड़ित के साथ इस अपमानजनक कृत्य की वीडियो बना ली थी। अखबार ने पिल्लई के दो दोस्तों पर चले मुकदमे का उल्लेख नहीं किया है। उप लोक अभियोजक (डीपीपी) आंद्रे चोंग ने अदालत को बताया कि पीड़ित ने जय से 400 सिंगापुरी डॉलर उधार लिए थे और पिछले साल 26 मार्च तक उसे 700 सिंगापुर डॉलर देने पर राजी हो गया था। लेकिन उसने केवल 200 सिंगापुरी डॉलर दिए और जय ब्याज बढ़ाता गया जिससे उस पर 13 मई तक करीब 6,000 सिंगापुरी डॉलर का कर्ज चढ़ गया। डीपीपी चोंग ने बताया कि जय ने नादेसन और जूड को उससे तथा पीड़ित से एक बार में मिलने के लिए कहा। तीनों ने बार में पीड़ित से मारपीट की और उसके एक गोदाम में ले गए जहां उसे कपड़े उतारने तथा उठक-बैठक करने के लिए कहा। इसके बाद वे तीनों उसे एक नाई के पास ले गए तथा नाई से उसे गंजा करने तथा उसकी दाढ़ी काटने के लिए कहा। जय ने इस घटना की वीडियो बना ली थी।

## बांग्लादेश में रुलाने लगा प्याज, 120 टका में एक किलो

ढाका। बांग्लादेश में आम आदमी के लिए प्याज खरीदना मुश्किल हो गया है। एक सप्ताह में प्रति किलोग्राम प्याज के मूल्य में 30 टका (बांग्लादेश की मुद्रा टका है) का इजाफा हुआ है। भारतीय मुद्रा में एक टका का मूल्य 76 पैसे होता है। इस समय बांग्लादेश में एक किलोग्राम प्याज 120 टका में बिक रहा है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पिछले सप्ताह रसोई की कई वस्तुओं की कीमत में कमी देखी गई है, लेकिन प्याज की कीमत अनियंत्रित बनी हुई है। पिछले हफ्ते प्याज का मूल्य प्रति किलोग्राम 90 टका था। सात दिन में यह बढ़कर 120 टका हो गया है। ढाका के प्रमुख आलू-प्याज विक्रेता एमडी सलीम का कहना है कि यह सचमुच चिंताजनक है। प्याज की कीमत लगातार बढ़ रही है। पिछले शुक्रवार को उन्होंने एक किलोग्राम प्याज 90 टका में बेची। अब वह 120 टका प्रति किलोग्राम पर बेचने को विवश हैं।




पोलैंड में कीमतें बढ़ने और करों को लगाये जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए किसान।

## इमरान की बहन ने किया दावा, सेना करा सकती है इमरान का कत्ल

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की बहन ने दावा किया है कि उनके भाई इमरान की सेना कत्या कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमरान खान चुनाव जीत गए हैं, ऐसे में उनकी कभी भी हत्या की जा सकती है। बता दें कि आम चुनाव की मतगणना के बीच जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के परिवार ने बड़ा आरोप लगाया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चीफ की बहन ने बातचीत में कहा कि सेना इमरान की हत्या करना चाहती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीटीआई जनरल इलेक्शन में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर चुकी है। अगर पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अब तक आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति कुछ इस प्रकार है। नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 99 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थित हैं। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा ?कि कई मामलों में तो ऐसा हुआ कि इमरान खान के समर्थन वाले कैंडिडेट्स 80 हजार से अधिक वोटों से आगे होने के बावजूद हारे हुए घोषित कर दिए गए। दिनदहाड़े लूट हुई और वोट चुराए गए हैं। नवाज शरीफ की पार्टी 50-60 सीटें ही जीत रही है और इसमें भी चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे एक प्रत्याशी ने लाहौर हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर लिया है। दूसरे उम्मीदवार भी अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पीटीआई चीफ को लेकर अलीमा ने कहा कि अभी तक इमरान खान से उनकी मुलाकात नहीं हुई है। इससे पहले इमरान की हत्या के 2 प्रयास हो चुके हैं।

# पाकिस्तान में पीपीपी, पीएमएल-एन मिलकर बनाएंगे सरकार?

### -इमरान समर्थक उम्मीदवारों ने भी किया बहुमत का दावा, सौ से ज्यादा सांसद जीते

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान में मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की गठबंधन सरकार बनने जा रही है। हालांकि निर्दलीय के तौर पर इमरान की पार्टी पीटीआई समर्थित सौ से ज्यादा सांसदों ने जीत हासिल की है, ऐसे में वह भी अपना दावा जता रहे हैं। इससे पहले पाकिस्तान में मतगणना के दौरान फर्जीवाड़े के भी आरोप लगाए गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनने जा रही हैं। यह खबर पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ की ओर से पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात के बाद सामने आई है। शहबाज ने पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के आवास पर पीपीपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने कहा कि शहबाज ने जरदारी के साथ भविष्य में सरकार गठन पर चर्चा की और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का संदेश भी दिया। शहबाज ने दोनों पीपीपी नेताओं से पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए पीएमएल-एन नेतृत्व के साथ सरकार में शामिल होने को कहा।

इधर सूत्रों ने दावा किया कि जरदारी और शहबाज पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पार्टियां अगली बैठक में अपने-अपने विचार पेश करेंगी और सत्ता-बंटवारे के फार्मूले के संबंध में सभी मामलों को अंतिम रूप देंगी। बता दें कि पाकिस्तान में अब तक नेशनल असेंबली की 265 में से 244 सीटों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इनमें से 96 सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। निर्वाचन आयोग की ओर से परिणाम घोषित करने में देरी करने पर चुनाव में धांधली के आरोप लगाए गए हैं।



मतगणना अब भी जारी है।

हालांकि आम चुनाव में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला लेकिन इमरान समर्थित निर्दलीयों ने सबसे ज्यादा सीटें जीतीं हैं। कुछ सीटों के नतीजे आने बाकी है लेकिन सबसे ज्यादा 100 सीटें निर्दलीयों ने जीती जिन्हें इमरान समर्थित माना जा रहा है। नवाज शरीफ की पार्टी को 71 सीटें मिली है जबकि सहयोगी पार्टी पीपीपी 53 सीटें जीती। इसी तरह एमक्यूएम चौथी सबसे बडी पार्टी बनी और उसको 17 सीटें मिली। यहां 264 सीटों पर चुनाव हुआ था और बहुमत का आंकडा 134 है। अब सरकार बनाने के लिए नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टों तैयार है। जबकि इमरान खान की पार्टी ने भी कहा कि उनके सबसे ज्यादा सांसद जीते हैं इसलिए वो केंद्र में सरकार बनाएगी।

अब जानकार बता रहे हैं कि चुनावी सफलता के बावजूद, इमरान खान की पार्टी पीटीआई को नुकसान हुआ है। चुनाव आयोग के फैसले के कारण उनका चुनावी चिह्न बल्ला जब्त हो गया था इसलिए अल्पसंख्यक सीटों का कोटा आवंटित नहीं किया जाएगा। दरअसल पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 10 सीटें वहां के अल्पसंख्यकों हिंदुओं और ईसाइयों के लिए आरक्षित रहती हैं। कुल 336 सीटों में से 266 सीटों पर जनता के वोटों के जरिए सीधे चुनाव होता है और बची हुई 70 सीटें रिजर्व होती हैं जिनमें से 10 सीटें अल्पसंख्यकों (हिंदू और ईसाइयों) तथा 60 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व रहती है। इन सीटों का बंटवारा नेशनल असेंबली में जो दल चुनाव जीतकर आते हैं उनकी सीटों के अनुपात में होता है। ऐसे में इमरान को यहां अल्पसंख्यक सीटों का कोटा नहीं मिलेगा है।

# अमेरिका में आए तेज भूकंप के झटके, लोग घरों से बाहर भागे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के हवाई में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई लोग डर के कारण घरों से बाहर निकले और सड़क पर आ गए। 5.7 की तीब्रता वाले इस भूकंप में राहत की बात ये रही सुनामी जैसा कोई खतरा नहीं है।

यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप के ये झटके शुक्रवार की देर रात 11 बजकर 24 मिनट पर महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र ओक्लाहोमा से 8 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में प्राग में ओक्लाहोमा सिटी से लगभग 57 मील (92 किलोमीटर) पूर्व में केंद्रित था। अमेरिकी भूकंपविज्ञानियों ने बताया कि शुक्रवार को हवाई में जोरदार भूकंप आया, लेकिन सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 5.7 तीव्रता का भूकंप हवाई के मुख्य द्वीप पर पाहाला के पास आया, जिसका केंद्र पृथ्वी की सतह से लगभग 37 किलोमीटर (23 मील) नीचे था। एक वेबसाइट ने यूएसजीएस के हवाले से बताया कि भूकंप पूरे मुख्य द्वीप पर महसूस किया गया। एजेंसी ने कहा कि जान-माल के नुकसान की संभावना कम है।

इससे पहले, पिछले हफ्ते ही अमेरिका के ओक्लाहोमा प्रांत में भूकंप आया था। अमेरिका के ओक्लाहोमा में पिछले शुक्रवार रात को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (यूएसजीएस) के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गयी थी। भूकंप के तेज झटके के बाद अगले कई घंटों तक कम तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए थे। लिंकन काउंटी के उप आपातकालीन प्रबंधन निदेशक चार्लोट ब्राउन के अनुसार भूकंप के कारण किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और क्षति न्यूनतम दिखी। भूकंप के झटकों के कारण ज्यादातर वस्तुएं घरों के अंदर अलमारियों से उलट गईं अथवा हिल गईं। चार्लोट ब्राउन ने कहा, ''कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं। बहुत सारे डरे हुए लोगों के अलावा कुछ भी नहीं। बता दें कि विशाल टेक्टोनिक प्लेट के बीच में होने के बावजूद भी हवाई शहर धरती का भूकंपीय रूप से सक्रिय हिस्सा है। यहां किलाउआ सहित 6 सक्रिय ज्वालामुखी मौजूद हैं। जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं, जो हेलीकॉप्टर से हवाई के बिग आइलैंड पर इसका नजारा देखने आते हैं। इतना ही नहीं, यह दुनिया के सबसे बड़े ज्वालामुखी मौना लोआ का भी स्थान है। यह ज्वालामुखी साल 2022 में जब फटा था तो एक सप्ताह तक शांत नहीं हुआ था। तब यह चार दशकों में पहली बार फूटा था। तब इसमें से 60 मीटर (200 फीट) ऊंचाई तक लावा के फव्वारे उठे थे, जिससे पिघले हुए लावा की नदियां बहने लगी थीं।

## यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर रूसी ड्रोन अटैक, 7 लोगों की मौत

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर एक रूसी ड्रोन हमले में रात भर में तीन बच्चों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन ने शहर के नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला किया, जिससे भीषण आग लग गई और 15 निजी घर जल गए। आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि 50 से अधिक लोगों को निकाला गया है और आपातकालीन कर्मचारियों ने शनिवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में रूस द्वारा लॉन्च किए गए 31 ईरानी शहीद ड्रोनों में से 23 को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि ड्रोन ने मुख्य रूप से पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र और दक्षिणी प्रांत ओडेसा को निशाना बनाया।

ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रात भर हुए ड्रोन हमलों से वहां चार लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, हमले तीन लहरों में हुए। ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रात भर हुए ड्रोन हमलों से वहां चार लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, हमले तीन लहरों में हुए। सबसे पहले क्षेत्रीय राजधानी - ओडेसा के बंदरगाह शहर को निशाना बनाया गया। सभी नौ ड्रोन मार गिराए गए, लेकिन मलबे से बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और एक व्यक्ति घायल हो गया। किपर ने कहा कि दूसरी और तीसरी लहरों ने डेन्यूब नदी क्षेत्र में बंदरगाह बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। कुल 12 ड्रोन मार गिराए गए और तीन लोग घायल हो गए। रोमानिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि रूस ने रोमानिया की सीमा के पास यूक्रेन के इस्माइल और रेनी नदी बंदरगाहों पर रात भर ड्रोन हमले किए।

## अमेरिका और जापान ने ताइवान को लेकर क्या किया ऐसा, भड़कते हुए जिनपिंग ने कहा- चुकानी होगी भारी कीमत

**बीजिंग (एजेंसी)।** ताइवान को लेकर संयुक्त अमेरिकी-जापान अभ्यास में दिखावटी संघर्ष की खबरों के बीच टोक्यो में बीजिंग के दूतावास ने कड़ी चेतावनी जारी की है। चीनी दूतावास ने टोक्यो को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने और चीन के पुनर्मिलन में बाधा डालने के खिलाफ चेतावनी दी। जापानी मीडिया ने बताया कि अमेरिका और जापान ने कीन एज अभ्यास के दौरान पहली बार बीजिंग को काल्पनिक दुश्मन के रूप में दिखाया। चीन ने रिपोर्टों के संबंध में टोक्यो को गंभीर चिंता व्यक्त की है। जबकि जापान ने ड्रिल विवरण की सटीकता से इनकार किया। लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर हाल के वर्षों में बीजिंग और टोक्यो के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

अमेरिका और जापान ने इस सप्ताह के अंत में एक संयुक्त कमांड पोस्ट अभ्यास पूरा किया, विश्लेषकों का कहना है कि इसका उद्देश्य चीन से खतरों से निपटने में उनकी क्षमताओं के समन्वय में सुधार करना है। कीन एज 24 कंप्यूटर सिमुलेशन अभ्यास का उद्देश्य ÷संकट या आकस्मिकता की स्थिति में प्रतिक्रियाओं का अभ्यास करना÷ था, यूएस



इंडो-पैसिफिक कमांड ने कहा कि यह अभ्यास 1 फरवरी को शुरू हुआ और गुरुवार को समाप्त हुआ। यह एक वार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास का हिस्सा है जो फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास कीन स्वॉर्ड के साथ वैकल्पिक होता है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल ने इस वर्ष पहली बार कीन एज में भाग लिया।

क्योडो न्यूज ने अनाम सरकारी स्रोतों का हवाला देते हुए रविवार को बताया कि अमेरिका और जापान ने अपने अभ्यास में पहली बार चीन को पहले इस्तेमाल किए गए अस्थायी नाम के बजाय एक काल्पनिक दुश्मन के रूप में नामित किया। क्योदो ने बताया कि जापानी रक्षा मंत्रालय ने कथित तौर पर अभ्यास परिदृश्यों को देश के गोपनीयता कानून के तहत वर्गीकृत किया है। पेंटागन के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल मार्टिन माइनर्स ने बुधवार को वीओए की कोरियाई सेवा को बताया कि हम विशिष्ट अभ्यास परिदृश्यों पर चर्चा नहीं करते हैं। विभिन्न संकट और आकस्मिक स्थितियों का जवाब देने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के लिए कीन एज 2024 एक यथार्थवादी प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करता है।

# आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी : जयशंकर

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि 'क्वाड' (चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद) समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। वह दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आए हुए हैं। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया वाले 'क्वाड' समूह के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। क्वाड का गठन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था।

जयशंकर ने कहा, ''यह हमारे लिए ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं।'' उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे विश्वास के साथ यह भविष्यवाणी कर रहा हूं कि क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह वृहद क्षेत्रीय और क्षेत्र से इतर राजनीति और नीति में एक बड़ा कारक बनेगा।'' विदेश मंत्री ने हिंद महासागर के देशों के साथ भारत की साझेदारी के बारे में भी बात की।

जयशंकर ने कहा, ''आज हिंद महासागर के पुनर्निर्माण और उसे पुनः जोड़ने की चुनौती है। आप ऐसा भारत देखने जा रहे हैं जो हिंद महासागर में बहुत गहराई से जुड़ा होगा और बहुत गहरायी से उसमें निवेश करेगाज्हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए कि हिंद महासागर को अतीत की तुलना में आज अधिक जुड़ा हुआ, अधिक निर्बाध और समावेशी बनाया जाए।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वे वास्तव में धैर्यपूर्वक और सम्मानपूर्वक इस क्षेत्र का पुनः निर्माण कर सकते हैं।''ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि इसके बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम व्यापार व आर्थिक क्षेत्र में और ज्यादा कर सकते हैं।''

जयशंकर ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को लेकर काफी ''आशावादी'' हैं क्योंकि इसमें असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में द्विपक्षीय मोर्चे पर हमने जो चीजें हासिल की हैं, वह आशावादी होने की वजह देती हैं। जयशंकर ने पर्थ में भारतीय मूल के सैनिक नैन सिंह सैलानी के नाम पर रखे गए सैलानी एवेन्यू का भी दौरा किया। रिकॉर्ड से पता चलता है कि उन्होंने सात फरवरी 1916 को पर्थ में ऑस्ट्रेलियन इम्पीरियल फोर्स में शामिल होने से पहले एक ''मजदूर'' के रूप में काम किया था।



# 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला की बडी चौपाल की सांस्कृतिक संध्या को गुजराती गौरव फैशन शो के किया अपने नाम

## –कच्छी, कठियावडी, पटौला सहित गुजराती पहनावे कल्चर की मची धूम

**फरीदाबाद की आवाज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** मुख्य चौपाल पर शुक्रवार की शाम गुजराती गौरव फैशन शो के नाम रही। मेले की मुख्य चौपाल पर शुक्रवार को कच्छी, कठियावडी, पटौला सहित गुजराती पहनावे कल्चर की धूम मची। जहां फैशन शो के मन मोहक अन्दाज ने पर्यटकों की खूब वाहवाही लूटने का काम किया। खुश्बू गुजरात के थीम तले चौपाल की सांस्कृतिक संध्या गुजराती फैशन शो ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से अपने नाम करी।

उल्लेखनीय है कि गत 02 फरवरी से आगामी 18 फरवरी 2024 तक आयोजित किए जा रहे 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में देश के विभिन्न राज्य और करीब 50 देश भागीदार बन रहे हैं। थीम स्टेट गुजरात तथा पार्टनर देश तंजानिया और अष्ट लक्ष्मी प्रान्तों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों के पार्टनर की छटा बिखेरी जा रही है। सास्कृतिक संध्या में गुजराती गौरव फैशन शो के रंगारंग कार्यक्रम में गुजराती सिल्क, कॉटन और सूती साडियों की झलक मिली तो दर्शकों की किलकारियां बडी चौपाल पर गूंज उठी। वहीं कच्छ वेशभूषा, पाटन का पटौला, कठवाड क्षेत्र के शादी ब्याह में पुरूषों और महिलाओं के पहनावे ने फैशन शो के माध्यम से अलग ही छटा बिखेरी। सांस्कृतिक संध्या के समापन अवसर पर सूरजकुंड की वादियों में जय श्री राम जय श्री राम के उद्घोष के साथ मेला परिसर गूंज उठा।



**यह रही पुरुषों की वेशभूषा**

पारंपरिक रूप से पुरुष चोरनो पहनते हैं, जो एक प्रकार की सूती पेंट है और यह काफी हद तक धोती के समान दिखता है। चोरनो पुरुषों का सबसे आम पहनावा है। यह वस्त्र राज्य की गर्म जलवायु के अनुकूल है। शरीर के शीर्ष भाग में केडियू के साथ चोरनो पहना जाता है। यह फ्रॉक जैसे कपड़े हैं और राज्य में व्यापक रूप से पहने जाते हैं। केडियू आमतौर पर विभिन्न प्रकार के जीवंत रंगों में आता है और इसे विशेष अवसरों पर भी पहना जाता है। पुरुष भी कुर्ता और धोती पहनते हैं। इसके अलावा फेंटो नामक टोपी भी पुरुष धारण करते हैं। बड़ी चौपाल पर सूरजकुंड मेले में मॉडल्स ने इस वेशभूषा को पेश किया।

**फैशन शो में दर्शाई महिलाओं की वेशभूषा**

गुजरात की महिलाएं सबसे ज्यादा घाघरा या चनिया चोली पहनती हैं। हालांकि महिलाओं का यह परिधान अब भारत के अन्य हिस्सों में भी काफी लोकप्रिय है। यह पोशाक त्योहारों और अन्य अवसरों के दौरान पहनी जाती है। चानियो गुजरात की महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला एक और लोकप्रिय पहनावा है। यह पहनावा दिखने में काफी हद तक लहंगे से मिलता-जुलता है। जो चीज चानियो को विशिष्ट बनाती है, वह है इसके जीवंत रंग, और विशिष्ट जटिल धागे का काम। चुन्नी काफी हद तक दुपट्टों की तरह दिखती है और आमतौर पर इसका इस्तेमाल सिर ढकने के लिए किया जाता है। गुजरात की महिलाएं साड़ी को एक अलग अंदाज में पहनती है, जो देश के अन्य हिस्सों से अलग है। इन पारंपरिक परिधानों के अलावा, गुजरात के लोग विशेष समारोहों के लिए विशेष पोशाक भी पहनते हैं। गुजरात में रास, गरबा में महिलाएं घाघरा चोली पहनती हैं। मॉडल्स ने इस वेशभूषा को बड़ी चौपाल पर आयोजित रैंप वॉक के जरिए पेश किया।

**गुजराती की शादियों में यह रहता है पहनावा**

गुजरात में शादियों और उत्सव के दौरान पुरुष और महिलाओं का विशेष पहनावा होता है। राज्य में दुल्हनें आमतौर पर पनेतर साड़ी या घरचोला पहनती हैं। पनेतर साड़ी लाल बंधनी बॉर्डर के साथ सफेद रंग की होती है। चारकोल एक साड़ी है जो लाल रंग की होती है और इसमें चौकोर पैटर्न बुने जाते हैं। गुजरात के कच्छ इलाके में रहने वाले लोगों का पहनावा राज्य के अन्य हिस्सों से अलग होता है। यहां कि महिलाएं आभा नाम की एक विशिष्ट प्रकार की चोली पहनती हैं, जिसे कंजरी भी कहा जाता है। आभा में ब्लाउज का एक लंबा टुकड़ा होता है, जिसे दर्पण के काम और सोने या चांदी के धागे के काम से सजाया जाता है।

**यह हैं गुजरात के पारंपरिक आभूषण**

गुजरात में पुरुष और महिलाओं के पहनावे के साथ-साथ यहां पारंपरिक रूप से आभूषणों का इस्तेमाल भी किया जाता है। पुरुष और महिलाओं के आभूषण यहां सामान्य तौर पर अलग होते हैं। यहां के पुरुष आमतौर पर ज्यादा आभूषण नहीं पहनते, वे सोने की चेन और सोने की अंगूठी जरूर पहनते हैं। राज्य की महिलाओं के लिए पारंपरिक आभूषणों में अंगूठियां, नाक की पिन, हार, जंजीर शामिल हैं। विवाहित महिलाएं अपने विवाह के प्रतीक के रूप में मंगल सूत्र पहनती हैं। राज्य के गांवों की महिलाएं भी आदिवासी आभूषण पहनती हैं। इनके अलावा, राज्य की महिलाएं नथ के नाम से जानी जाने वाली छोटी बालियां भी धारण करती हैं।



बड़ी चौपाल पर गुजराती फैशन शो करती हुई गुजराती मॉडल।

# रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा प्रदेश का युवा : हरेंद्र भाटी

प्रदेश के युवाओं के रोजगार के लिए सडकों पर उतरी आम आदमी पार्टी बीके चौक पर भाजपा सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन




**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के युवाओं के रोजगार के लिए प्रदेश के हर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया और खट्टर सरकार से प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर सवाल जवाब किए। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने की, जबकि इस मौके पर मुख्य रूप से धर्मबीर भड़ाना, जिलाध्यक्ष ग्रामीण दिनेश मलिक, प्रदेश सह सचिव राकेश भड़ाना, प्रवेश मेहता, लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, रोहताश चौधरी, दिनेश भारद्वाज, चंद्रपाल, देवराज गौर, रवि डागर, राजदीप सांगवान, महावीर, सतबीर, मिलन, सुमित, बंसल जी, एसके बंसल, हरजिंद्र बंसल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने बताया कि जिला के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिले के बि.के.चौक पर खड़े होकर युवाओं के रोजगार की आवाज उठाई और खट्टर सरकार की रोजगार नीति की पोल खोली। उन्होंने बैनर और तख्तियों के माध्यम से खट्टर सरकार से संबंधित सवाल पूछे। इससे पहले बुधवार को आम आदमी पार्टी ने करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया और युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी प्रदेश के युवाओं के रोजगार के लिए आखिरी दम तक आवाज उठाएगी। खट्टर सरकार को युवाओं को रोजगार देने के लिए मजबूर कर देंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नौजवानों के रोजगार के लिए पुलिस की लाठियों से नहीं डरेंगे और जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में आज प्रदेश का हर युवा सडकों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण युवा नशे और डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के युवा रोजगार न मिलने से अवैध तरीके से विदेश को पलायन करने को मजबूर है, जहां पर युवा अपनी जान तक गवां रहे हैं। भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती को लेकर गंभीर नहीं है। परंतु खट्टर सरकार केवल भ्रष्टचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि जब सरकार नौकरियां नहीं दे पा रही है तो खट्टर सरकार 10,000 पढ़े लिखे युवाओं को मजदूर बनाकर इजरायल भेज रही है। उस युद्धग्रस्त क्षेत्र में भेज रही है जहां से सभी देश अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। आम आदमी पार्टी इस संघर्ष में युवाओं के साथ खड़ी है। हरियाणा की जनता इस निक्कमी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।

# जिला फरीदाबाद में 79 केन्द्रों पर 2 शिफ्टों में आयोजित की जाएगी एचसीएस की लिखित परीक्षाएं

● एचसीएस की लिखित परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए अधिकारियो को दिए गए टिप्स

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद जिला में आयोजित होने वाली हरियाणा लोक सेवा आयोग की एचसीएस (एक्स बीआर) एण्ड एलाइड सर्विस पार्लियामेंट परीक्षा- 2023 के सफल संचालन के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद में एचपीएससी द्वारा 11 फरवरी को 79 केन्द्रों पर 2 शिफ्टों में एचसीएस की प्राथमिक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह जिला में 11 फरवरी को हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक निर्देश अधिकारियों को स्थानीय हुड्डा कैन्वैशन हाल में आयोजित कार्यशाला में परीक्षा के सफल संचालन के लिए लगाए गए प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों टिप्स दे रहे थे। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्रवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। वहीं अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। एचसीएस लिखित परीक्षा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उन्ही हिदायतों के अनुसार उनका दृढ़ता से पालन करें।जिलाधीश ने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने कहा कि पहला चरण प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 03 बजे से सांय 05 बजे तक होगा। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि एचपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर एचपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। विक्रम सिंह ने कहा कि एचसीएस परीक्षाओं का यह काफी संवेदनशील कार्य है। जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्रों और अन्य अधिकारियों के लिए पुलिस फोर्स की ड्यूटिया लगा दी गई है। वहीं परीक्षा केन्द्रों पर महिला पुलिस फोर्स की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। एसडीम बल्लभगढ़, एसडीएम बडखल और एसडीएम फरीदाबाद को अपने अपने उपमण्डल स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की परीक्षाओं में ड्यूटिया सुनिश्चित की गई हैं। कार्यशाला में एडीसी आनन्द शर्मा, एचपीएससी के सदस्य, एसडीएम त्रिलोक चंद, एसडीएम अमित कुमार सहित परीक्षा केन्द्रों पर लगाए गए अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# देश-प्रदेश का समुचित विकास कर रही मोदी-मनोहर सरकारें-विपुल गोयल

## गांव चलो अभियान के तहत प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया बुढैना गांव में बूथ पर प्रवास



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जो गाँव चलो अभियान की शुरुआत पूरे देश में की है उसका असर हरियाणा में भी शुरु हों गया है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा प्रत्येक जिले में हर छोटे से बड़े कार्यकर्त्ता की जिम्मेदारी प्रत्येक गाँव के हर बूथ पर लगायी गयी है। इसी कड़ी में आज प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे विपुल गोयल द्वारा आज गाँव चलो अभियान के तहत फ़रीदाबाद के गांव बूढ़ेना में वार्ड नंबर 28 के बूथ नंबर 30 प्रवास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत एससी मोर्चा के ही वार्ड नंबर 28 से निवर्तमान पार्षद नरेश नंबरदार के यहाँ बैठक से हुई जहाँ पन्ना प्रमुख और शक्ति केंद्र प्रमुख व भाजपा कार्यकर्ताओ संग विपुल गोयल ने सुबह का नाश्ता किया व पार्टी की विचारधाराओं के साथ बूथ मजबूत करने पर बातचीत हुई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने मौके पर मौजूद सभी लोगों कों नमो एप्प डाउनलोड करवाया और सभी कार्यकर्ताओ कों भाजपा की विचारधारा के साथ देश कों मजबूत करने की दिशा में भाजपा का साथ देकर फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प दिलवाया। जिसके बाद बूढ़ेना गाँव के सरकारी स्कूल में जाकर वहां के अध्यापको व युवा विद्यार्थियों कों नए वोटर कार्ड बनवाकर मोदी जी कों वोट देने की अपील की व सभी अध्यापको के फ़ोन में नमो एप्प कों डाउनलोड करवाया। इस मौके पर विपुल गोयल ने फ़रीदाबाद में हुए चौतरफा विकास के लिए प्रदेश के मुखिया मनोहर लाल का भी धन्यवाद किया। प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने इसके बाद बूढ़ेना गाँव के ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भूमिया बाबा मंदिर पर सफाई अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का सन्देश दिया और लोगों से मोदी की स्वच्छ भारत मुहीम में हिस्सा लेने की अपील की। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा की सभी धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। विपुल गोयल ने बूढ़ेना गाँव के मौजीज व सभी बिरादरी के लोगों के साथ दोपहर का भोजन भी महेंद्र चँदिला के घर पर किया। विपुल गोयल ने इस अवसर पर फिर एक बार मोदी सरकार के स्लोगन भी दीवारों पर पेंट करवा जनहित में फिर से देश में कमल खिला मोदी सरकर बनाने का संदेश दिया। हरियाणा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे विपुल गोयल ने लोगो कों पटका पहनाकर भाजपा पार्टी की विचारधाराओं से जोड़ा और इंडियन नेवी से सेवानिवृत्ति पा चुके चिरंजी लाल कों भी शॉल ओढ़ाकार सम्मानित किया। इस मौके पर विपुल गोयल ने गाँव में कई अलग-अलग मोहल्लो में लोगों के साथ उनके घर पर चाय भी पी और आंगनवाड़ी में आशा वर्करो के साथ बैठक करके सरकार की योजनाओं कों आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात कहीं और रात्रि का ठहराव बुढ़ैना गाँव में ही रणजीत भाटी के घर पर करना सुनिश्चित किया। इससे पहले विपुल गोयल का बुक्के - फूल मालाओ व जिंदाबाद के नारों के साथ जोरदार स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरुआत से पहले पंडित दिन दयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कों भी श्रद्धांजलि दी। उक्त कार्यक्रम में उनके साथ बाबूराम, रणजीत भाटी, हेम चँदिला, मनोज चँदिला, भरत राम, बिजेन्दर चँदिला, विनोद प्रधान बूथ शक्ति केंद्र प्रमुख, रामू चौधरी, किशन, चतर सिंह, वीर सिंह, पप्पू, जयपाल, चिरंजी लाल, पार्थ पाराशर, राजेश कुमार बूथ अध्यक्ष, देवी सिंह पन्ना प्रमुख, राजकुमार, जतिन चँदिला, मनोज चँदिला, योगेश चँदिला व अन्य काफ़ी लोग मौजूद रहे।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338